आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 322 -● जबलपुर ● सोमवार, 26 दिसम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● पौष शुक्ल पक्ष-3 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935



## देश में कोरोना का खतरा

### एक्सपर्ट का दावा- BF.7 वैरिएंट का असर भारत में ज्यादा नहीं

**नई दिल्ली एजेंसी।** कोरोना पर केंद्र सरकार की सख्ती के बीच भारतीय एक्सपर्ट ने राहत भरी खबर दी है। सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी के डायरेक्टर विनय के. नंदीकूरी ने कहा कि क्क्न.7 वैरिएंट का असर भारत में ज्यादा नहीं होगा। एक्सपर्ट के मुताबिक, ज्यादातर भारतीयों के पास अब हाइब्रिड इम्यूनिटी है। उन्होंने वैक्सीनेशन के जरिए इम्यूनिटी हासिल कर ली है। हालांकि, उन्होंने मास्क लगाने समेत कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने पर भी जोर दिया। ष्टष्टरूक्क के डायरेक्टर ने कहा कि इम्यूनिटी होने पर सभी तरह के नए वैरिएंट से बचने की क्षमता होती है, लेकिन हमेशा एक चिंता होती है कि जिन्होंने वैक्सीनेशन करवाया है वो भी ओमिक्रॉन के नए वैरिएंट से संक्रमित हो सकते हैं। हालांकि, भारत में संक्रमण को लेकर उतना ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है, जितना डेल्टा वैरिएंट के समय हुई थी। ऐसा इसलिए है, क्योंकि हमारे पास एक हद तक हर्ड इम्यूनिटी आ गई है। यही वजह है कि हम अन्य वायरस के संपर्क में आने के बावजूद सुरक्षित हैं। बता दें कि पिछले गुरुवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के डॉक्टर अनिल गोयल ने भी ऐसा ही दावा किया था। उन्होंने कहा था कि चीन की तुलना में भारत के लोगों की इम्यूनिटी ज्यादा स्ट्रॉन्ग है। ऐसे में देश में लॉकडाउन लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## सीबीआई ने वीडियोकॉन के चेयरमैन वेणुगोपाल धूत को गिरफ्तार किया

**एजेंसी।** आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को गिरफ्तार किए जाने के बाद अब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने वीडियोकॉन ग्रुप प्रमोटर वेणुगोपाल धूत के खिलाफ कार्रवाई की है। सीबीआई ने 3250 करोड़ रुपये के ऋण में कथित अनियमितताओं के मामले में वेणुगोपाल धूत को गिरफ्तार किया है। वीडियोकॉन को यह कर्ज 2012 में आईसीआईसीआई बैंक से मिला था। धूत को सोमवार तड़के मुंबई से गिरफ्तार किया गया।

### MP-राजस्थान समेत 6 राज्यों में सर्दी का अलर्ट

# दिल्ली में 3 डिग्री, तो चुरू में 0 डिग्री रिकॉर्ड

## 31 से 4 जनवरी तक हाड़ गलाने वाली ठंड पड़ेगी

**नई दिल्ली एजेंसी।** उत्तर भारत में सर्दी का प्रकोप बढ़ गया है। मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में सोमवार सुबह शीतलहर के साथ घना कोहरा रहा। मौसम विभाग ने इन राज्यों में कड़ाके की सर्दी पड़ने का अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटों में यहां तापमान 3 से 7 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया। चुरू में सोमवार सुबह तापमान शून्य डिग्री दर्ज किया गया। इस वजह से विजिबिलिटी भी बेहद कम रही। ट्रेन और रोड ट्रांसपोर्टेशन पर भी असर देखा गया।

### 31 दिसंबर से 4 जनवरी तक हाड़ गलाने वाली सर्दी, पारा माइनस में जाएगा

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, 31 दिसंबर से 4 जनवरी तक पांच दिन इस सीजन के सबसे सर्द दिन हो सकते हैं। इस दौरान पंजाब, हरियाणा के कुछ इलाकों में रात का तापमान माइनस में जा सकता है। वहीं, दिल्ली, राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रात का तापमान 1 से 4 डिग्री के बीच रहेगा। दिन का अधिकतम तापमान 10 से 14 डिग्री तक रहने की संभावना है।

**इसलिए गिरेगा पारा...** मौसम विभाग के अनुसार भूमध्यसागर से उठा पश्चिमी विक्षोभ हिमालय के क्षेत्रों में सक्रिय होगा। इसके कारण



29 दिसंबर के बाद पहाड़ी राज्यों में भारी बर्फबारी होगी। कुछ स्थानों पर बारिश के भी आसार हैं।

### दिल्ली में ठिठुरन बढ़ी, पारा 3 डिग्री तक पहुंचा

दिल्ली के कई इलाकों में सोमवार सुबह 8 से 10 बजे के बीच पारा 3 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विभाग ने पहले ही यहां येलो अलर्ट जारी किया था। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली के पालम में न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री, सफदरजंग में 5 डिग्री, आयानगर में 4.0 डिग्री, रिज में तापमान 4.1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। यहां अगले 5 दिन में और कड़ाके की सर्दी का अनुमान है।

### एमपी: रात का पारा 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे दतिया सबसे ठंडा रहा

उत्तरी हवाओं के कारण प्रदेश के कई जिलों में रात का पारा 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे आ गया। दतिया सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस के नीचे आ गया। इसके अलावा धार, गुना, ग्वालियर, पचमढ़ी, राजगढ़, रतलाम, खजुराहो, नौगांव और सागर में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे चला गया। शनिवार शाम से उत्तरी हवाएं चलने लगी थीं। इस कारण दिन और रात का तापमान गिर गया है। अगले 48 घंटे तक मौसम इसी तरह बना रहेगा।



## मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन को 11 साल की सजा

**नई दिल्ली एजेंसी।** मालदीव की एक अदालत ने रविवार को पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन को मनी लॉन्ड्रिंग और रिश्वत लेने का दोषी पाया और उन्हें 11 साल जेल की सजा सुनाई। इसमें उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग के लिए सात साल और रिश्वत के लिए चार साल की सजा मिली है। मालदीव की आपराधिक अदालत ने भी 63 साल के यामीन को 50 लाख डॉलर का जुर्माना भरने का आदेश दिया है। यामीन ने 2013 से 2018 तक मालदीव पर शासन किया। इसी दौरान उन्होंने सरकारी द्वीप को पट्टे पर देने के लिए रिश्वत ली थी।





# अटल बिहारी वाजपेयी की समाधि पर पहुंचे राहुल गांधी, दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई में चल रही भारत जोड़ो यात्रा आज दिल्ली में है.दिल्ली यात्रा के दौरान आज सुबह राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की समाधि स्थल सदैव अटल पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। दरअसल, गांधी परिवार का कोई सदस्य या कांग्रेस का कोई बड़ा नेता पहली बार अटल बिहारी वाजपेयी की समाधि पर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की है। 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती थी. जानकारी के अनुसार कल ही राहुल गांधी का इन नेताओं की समाधि पर जाने का कार्यक्रम था। राहुल गांधी ने सबसे पहले अपने पिता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की समाधि वीर भूमि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने इंदिरा गांधी की समाधि स्थल शक्ति स्थल पर श्रद्धांजलि दी. राहुल गांधी इस दौरान पं जवाहर लाल नेहरु की समाधि स्थल शांति वन और लाल बहादुर समाधि स्थल विजय घाट इसके साथ ही महात्मा गांधी की समाधि स्थल राजघाट पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत जोड़ो यात्रा लगभग 3,000 किलोमीटर की दूरी तय करके दिल्ली पहुंचने के बाद राहुल गांधी प्रमुख नेताओं की समाधियों पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## ऑपरेशन के बाद युवक का गुप्तांग हुआ गायब अस्पताल में मचा हंगामा

**पलामू (ईएमएस)।** जिला मुख्यालय डाल्टनगंज स्थित निजी अस्पताल में एक व्यक्ति पेशाब में परेशानी की शिकायत लेकर पहुंचा था। डॉक्टर ने व्यक्ति को गुप्तांग के मामूली ऑपरेशन की सलाह दी। मरीज इसके लिए तैयार हो गया। इसके बाद ऑपरेशन के लिए अस्पताल में भर्ती हुआ। ऑपरेशन से पहले होने वाली जरूरी जांच के बाद सर्जरी की गई। सर्जरी के बाद उसे वार्ड में बेड दे दिया गया। लेकिन इसके बाद जो हुआ उस पर हंगामा मच गया। दरअसल जिस मरीज का ऑपरेशन हुआ था वहां रात में पेशाब के लिए गया। इस दौरान उसने अपने गुप्तांग को अलग स्थिति में पाया। मरीज कहने लगा कि उसका गुप्तांग है ही नहीं।

# 18 साल से अधूरा पड़ा है अटल जी का ड्रीम प्रोजेक्ट

**लखनऊ (ईएमएस)।** 25 दिसंबर देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई कार्यक्रमों में भाग लिया। लखनऊ में करोड़ो रुपए की लागत से बना अटल जी का ड्रीम प्रोजेक्ट सालों से जर्जर हालत में है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने राज्य की बिजली समस्या को देखते हुए कूड़े से बिजली बनाने की 88 करोड़ की लागत



वाली परियोजना शुरु कराई थी। अटल जी ने यह सपना अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों को दिखाया था। अटल जी की यह परियोजना एशिया बायो एनर्जी लिमिटेड ने उनके प्रधानमंत्री रहते हुए पूरी भी कर दी थी। इसमे 1.5 मेगावाट बिजली बन रही थी। जबकि 5 मेगावाट बिजली बनाने का लक्ष्य था। इससे बनी बिजली को पावर कॉरपोरेशन को 3 रुपए 49 पैसे प्रति यूनिट के हिसाब से बेचा जा रहा था। मौजूदा वक्त में लखनऊ के दुबग्गा इलाके में बिजली बनाने के लिए लगाए गए इस ड्रीम प्रोजेक्ट में जो 14 बीघे में बनेइस प्लांट के गेट पर 20 दिसंबर 2004 से बंद है।






## शोपियां के हीरपोरा में आतंकियों का निशाना चूका

**नई दिल्ली एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां में आतंकवादियों ने एक शख्स को मारने की कोशिश की, लेकिन निशाना चूकने के कारण वह शख्स बाल-बाल बच गया। घटना शोपियां के हीरपोरा इलाके में हुई। पुलिस की जांच से पता चला है कि आतंकवादियों ने वसीम अहमद वानी पर गोलियां चलाई थीं। हालांकि, गोलियां पास में खड़ी एक गाड़ी में जा लगीं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# चीन ने 24 घंटे में ताइवान की ओर 71 लड़ाकू विमान, 7 जहाज भेजे

### बढ़ा तनाव, ड्रैगन बोला- अमेरिका के उकसावे का जवाब

**नई दिल्ली एजेंसी।** चीन और ताइवान के बीच जारी तनातनी थमने का नाम नहीं ले रही है. चीनी सेना ने पिछले 24 घंटों में ताइवान की ओर 71 विमानों और सात जहाजों को बल प्रदर्शन के लिए भेजा है. यह जानकारी ताइवान के रक्षा मंत्रालय द्वारा दिया गया है. चीन ने ताइवान की ओर जो विमान भेजे उनमें 18 जे-16 लड़ाकू विमान, 11 जे-1 लड़ाकू विमान, छह एसयू-30 लड़ाकू विमान और ड्रोन शामिल थे। चीन द्वारा शनिवार को पारित अमेरिकी वार्षिक रक्षा व्यय बिल में ताइवान से संबंधित प्रावधानों पर गुस्सा व्यक्त करने के बाद यह कदम उठाया गया है. स्व-शासित ताइवान पर चीन का सैन्य उत्पीड़न कोई नई बात नहीं है. चीन ताइवान पर अपना दावा करता है. वह बताता है कि यह उसका अपना क्षेत्र है. ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के अनुसार, रविवार सुबह 6 बजे से सोमवार सुबह 6 बजे के बीच, चीनी विमानों में से 47 ने ताइवान जलडमरूमध्य में एक अनौपचारिक सीमा जिसे दोनों पक्षों ने एक बार मौन रूप से स्वीकार कर लिया था के मध्य को पार किया।



# महाराष्ट्र में खसरे से अबतक 20 लोगों की मौत

**मुंबई (ईएमएस)।** मुंबई समेत राज्य भर में खसरे के मरीज बढ़े हैं। इस साल अब तक राज्य भर में 142 लोग इसकी चपेट में आये हैं। जबकि इससे पहले 2021 में खसरे का केवल एक 2020 में दो और 2019 में तीन मामले सामने आए थे। इस वर्ष राज्य में खसरे के कुल 1104 पुष्ट मामले सामने आए और कुल 20 लोगों की मौत हुई है। खासकर इस साल खसरे के सबसे ज्यादा मामले और मौतें देखी गई हैं। स्वास्थ विभाग के अनुसार राज्य के 19 जिलों और महानगरपालिका क्षेत्रों में खसरे का प्रकोप है जिसमें मुंबई में सबसे अधिक मामले हैं। मालूम हो कि खसरा एक विषाणु जनित संक्रामक रोग है। यह एक टीके से रोकी जा सकने वाली बीमारी है। यह बीमारी मुख्य रूप से पांच साल से कम उम्र के बच्चों में होती है। यदि चार सप्ताह की अवधि में पांच या अधिक संदिग्ध खसरे के मामले सामने आते हैं और इन मामलों में से कम से कम दो मामलों में खसरे के लिए सकारात्मक परीक्षण किया जाता है तो किसी दिए गए क्षेत्र में खसरा का प्रकोप होना कहा जाता है।



### खसरे के लक्षण

इस रोग के लक्षणों में बुखार खांसी नाक बहना आंखों में जलन पहले चेहरे पर और फिर शरीर के बाकी हिस्सों पर लाल चपटे दाने शामिल हैं। खसरा कुछ बच्चों में दस्त मध्य कान के संक्रमण और निमोनिया शायद ही कभी दौरे अंधापन मस्तिष्क के संक्रमण जैसी जटिलताओं का कारण बनता है।

# नाबालिग से दुराचार के दोषी को 20 साल सश्रम कारावास

## गवाह मुकरे, डीएनए पॉजिटिव टेस्ट रिपोर्ट में दोषी ठहराया

**जबलपुर यशभारत।** एक नाबालिग लड़की जब अपने मामा के साथ शादी में शामिल होने के लिए देवरी स्टेशन से उतरकर पैदल ग्राम उमरिया रोड से जा रहे थे तभी एक बाईक में दो लड़कों ने मामा भांजी को लिफ्ट दी और रास्ते में मामा के साथ मारपीट कर चाकू से कई वार किए तथा उनके कपड़े उतरवा लिए और नाबालिग भांजी को घसीटकर झाड़ियों में ले गए जहां उसके साथ दुराचार किया। इस जघन्यतम मामलें की सुनवाई के दौरान विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जबलपुर की अदालत ने आरोपी को दोषी पाते हुए सश्रम आजीवन कारावास और अर्थदंड के दंड से दंडित किया है साथ ही 2 लाख रुपये प्रतिकर राशि पीड़िता को प्रदान करने के आदेश पारित किए। इस मामलें की खास बात यह रही की गवाह न्यायालय में मुकर गए लेकिन पुलिस की सशक्त विवेचना और अभियोजन पक्ष की दलीलों के आगे दोषी बच नहीं सके। न्यायालय ने उन्हें दोषी पाया और सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के मुताबिक गत 19 अप्रैल 2016 को एक नाबालिग लड़की अपने मामा के साथ शादी में शामिल होने के लिए ट्रेन से देवरी स्टेशन पहुंची रात में 9 बजे जब मामा भांजी ग्राम ईमलई होते ग्राम तिगवा जा रहे थे तभी एक बाईक पर दो लड़के आए और उन्होंने पूछा कहा जाना है आओ हम छोड़े देते है। इस दौरान मामा ने उन्हें डांटा और पैदल चलने लगे। ईमलई रोड में वहीं दो लड़के रुके और उसके मामा पर चाकुओं से कई वार किए जेब में रखे रुपए लूट लिए और कपड़े उतरवा लिए उसके बाद



नाबालिग को घसीटकर झाड़ियों में ले गए उसके मामा जान बचाकर वहां से भागे इसके बाद दोनों ने उसे झाड़ी में खींचकर ले गये और उसके साथ दुराचार किया। पुलिस ने धारा 325 341 307 394 376(डी) एवं धारा 3/4 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 तथा 25/27 आयुध अधिनियम का मामला दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया। नाबालिग लड़की और उसके परिजन न्यायालय में अपने बयान से मुकर गए किन्तु अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती स्मृतिलता बरकडे द्वारा उक्त मामले में सशक्त पैरवी की गई एवं पॉजीटिव डीएनए रिपोर्ट के संबंध में आरोपी को दण्डित कराने हेतु प्रस्तुत तर्क प्रस्तुत किए जिस से सहमत होकर न्यायालय द्वारा आरोपी धर्मेन्द गडारी को दोषी पाते हुए सश्रम आजीवन कारावास और 20 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया साथ ही 2 लाख रुपये प्रतिकर राशि पीड़िता को प्रदान करने के आदेश पारित किए।

### मारपीट के दोषी आरोपी को 2 साल की कैद

प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट मनमोहनर्सिह कौरव की अदालत ने नेपियर टाउन निवासी एक बैटरी की दुकान चलाने वालें व्यक्ति के साथ ग्राहक द्वारा गारंटी और रिप्लेसमेंट चार्ज को लेकर हुए विवाद में मारपीट करने वालें एक ग्राहक को दोषी पाते हुए 2 साल के कारावास की सजा सुनाई साथ ही 2 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक रसल चौक में बैटरी की दुकान चलाने वालें कमल चड्डा के यहां से आरोपी योगेश दुआ ने एक बैटरी खरीदी थी जो तीन माह के अंदर खराब हो गई। गारंटी कार्ड होने के बावजूद ग्राहक आरोपी योगेश दुआ 50 रुपए रिप्लेसमेंट चाङ्का नहीं देना चाह रहा था इसी बात को लेकर योगेश और कमल के बीच वाद विवाद हुआ बीच बचाव करने उसका छोटा भाई आया उसके साथ भी मारपीट की गई। कमल चड्डा के रिपोर्ट पर ओमती पुलिस ने धारा 325 294 323 34/506 के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती कल्पना मुबेल द्वारा दी गई दलीलों से सहमत होकर न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया और 2 साल के कारावास की सजा सुनाई।

# बिजली कंपनी के कनिष्ठ अभियंताओं के खिलाफ नियम विरोध नही की जाएगी कार्यवाही



जबलपुर, यशभारत। मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पत्रोपाधि अभियंता संघ द्वारा अपनी 7 सूत्री मांगो के संबंध में भोपाल में 22 दिसंबर 22 को ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं प्रमुख ऊर्जा सचिव संजय दुबे से उनके आमंत्रण पर पत्रोपाधि अभियंता संघ के प्रांतीय महासचिव जी. के. वैष्णव वरिष्ठ उपाध्यक्ष इजी.अशोक जैन के नेतृत्व में संघ पदाधिकरियों ने मुलाकात कर मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### बैठक में मुख्य रूप से

2018 से भर्ती हुए नवीन कनिष्ठ अभियंताओं की वेतन विसंगति पर, शेष बचे कनिष्ठ अभियंताओं को सहायक अभियंता के पदों पर करेंट चार्ज का मिलेगा प्रभार, इसी तरह सहायक अभियंता को कार्यपालन अभियंता का करेंट चार्ज फीडर कैडर के अनुसार प्रदान किया जाए पर सहमति बनी, कम्पनियों में सहायक अभियंता के स्वीकृत पदों को 40त्न पदोन्नति कोटे से भरा जाए, नवीन सहायक अभियंताओं की भर्ती के बजाय कम्पनियों में कार्यरत ऐसे कनिष्ठ अभियंता जिन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की है (डिग्रीधारी) एंव पांच वर्ष की सेवा का अनुभव प्राप्त कर चुके हैं, को सहायक अभियंता के पद पर नियुक्ति प्रदान की जाए, कनिष्ठ अभियंता संबिदा को नियमित किया जाए, डिप्लोमाधारी, आईटीआई होल्डर्स को कनिष्ठ अभियंता के पद पर पदौन्नत किया जाए, समान पद को समान पदनाम दिया जाए, कनिष्ठ अभियंता /सहायक अभियंताओं को अकारण दिये गये शौकाज/चार्जशीट समाप्त किये जांय पर एंव प्रताड़ना पर रोक लगाई जाए पर उनके द्वारा नियम विरोध नही की जाएगी कार्यवाही का अवशाशन दिया, सहायक अभियंताओं कनिष्ठ अभियंता / के ऊपर धारा 304 के तहत दर्ज किए गए प्रकरण वापस लिये जांय एंव इस पर रोक लगाई जाए। इस संबंध में उनके द्वारा कहा गया कि यदि कनिष्ठ अभियंताओ पर स्न्ढ्ढक्रदर्ज की गई तो उसे वापस लिया जाएगा। उक्त सभी बिंदुओं पर संघ ने विस्तार से माननीय द्वव के समक्ष अपनी बात रखी जिस पर माननीय ऊर्जा मंत्री महोदय एंव माननीय प्रमुख सचिव ऊर्जा द्वारा सकारात्मक सहमति ब्यक्त कर शीर्घ निराकृत करने का आश्वासन दिया है। संघ के स्वर्ण सिंह मनकोटिया, पी. के. लोधी की भी बैठक में उपस्थित थी।

# 1996 बैच के स्टूडेंट्स एवं टीचर्स ने मिलकर पुराने दिन याद किए



## मेडिकल कॉलेज में दो दिवसीय रीयूनियन प्रोग्राम का आयोजन

**जबलपुर, यशभारत।** दो दिवसीय एनएससीबी मेडिकल कॉलेज के 1996 बैच का रीयूनियन प्रोग्राम किया गया जिसमें देश विदेश से आए 1996 बैच के स्टूडेंट्स एवं टीचर्स ने हिस्सा लिया। प्रोग्राम की शुरुआत दीप प्रज्वलन द्वारा डॉ गीता, डॉ धनंजय शर्मा, डॉ वाई आर यादव, डॉ बुधौलिया, डॉ माया एवं डॉ एसएस मिश्रा की उपस्थिति में हुआ। मंच का संचालन डॉ सोनल साहनी, डॉ मानसी हरसे, डॉ संगीता पटेल एवं डॉक्टर सुनीता पटेल के द्वारा किया गया। रियूनियन में स्टूडेंट्स के द्वारा होटल विजन महल में शाम को सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन भी किया गया। रियूनियन में आए सभी स्टूडेंट के द्वारा भेड़ाघाट भ्रमण किया गया। इस रियूनियन प्रोग्राम में डॉ अरविंद शर्मा, डॉ पी के कसार, डॉ बघेल,डॉ चौहान, डॉ एस पी पांडे, डॉ के के दरयानी, डॉ पी के जैन, डॉ शशि खरे, डॉ वी मेहता, डॉ मनोज पाराशर, डॉ कृपलानी, डॉ सिद्धकी, डॉ सीमा सूर्यवंशी, डॉ एस के वर्मा, डॉ श्रीवास्तव, डॉ टोटाडे, डॉ नीलम जैन, डॉ पी सी जैन, डॉ तिवारी, डॉ उषा गुप्ता, डॉ अरविंद ले ले, डॉ आर चौहान, डॉ आर के शुक्ला, डॉ के के रैना आदि उपस्थित थे। मोटापा डायबिटीज एवं थायराइड विशेषज्ञ डॉक्टर आशीष डेंगरा के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी स्टूडेंट्स एवं टीचर का धन्यवाद किया गया।

# गोल्डन स्टार स्कूल में क्रिसमस की धूम

**जबलपुर, यशभारत।** गोल्डन स्टार स्कूल च्च अशोक नगर अधारताल, जबलपुर में क्रिसमस का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर सम्पूर्ण शाला परिसर को क्रिसमस ट्री के साथ सफ़ेद और लाल रंग के गुब्बारों और फूलों से सजाया गया जो की अति मनमोहक और आकर्षक लग रहा था । कार्यक्रम के शुरुआत शाला की संचालिका श्रीमती अनामिका सिंघई जी के द्वारा बच्चों के साथ केक काटकर की गई कार्यक्रम में शाला की प्रधानाचार्या श्रीमती लिपी दत्ता, समस्त शिक्षक, स्टाफ एवम बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम में बच्चियां परी के तरह तथा बच्चे सांता क्लोज़ बनकर आए जिससे वह बहुत ही आकर्षक लग रहे थे ततपश्चात् शाला में बच्चों ने मैरी क्रिसमस का गीत गाते हुए मनमोहक प्रस्तुती दी । शाला की संचालिका श्रीमती अनामिका सिंघई ने बच्चों को क्रिसमस के त्योहार के बारे में बताया की यह भारत के साथ पूरे विश्व में सभी धर्म के लोग मिलजुल कर इस त्यौहार को मनाते है। क्रिसमस के साथ ही बीते साल की अच्छी विदाई और आने वाले नए साल के आगमन का स्वागत किया गया ।

# सर्व शक्तिमान है नारी, हर क्षेत्र है सर्वश्रेष्ठ योगदान

## एमएलबी स्कूल में रियूनियन पुनर्मिलन समारोह में बोले अतिथि

**जबलपुर यशभारत।** एमएलबी रियूनियन रविवार 25 दिसम्बर 2022 को पुनर्मिलन समारोह का आयोजन महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय बहुउद्देशीय उ.मा. कन्या शाला जबलपुर के सभाकक्ष में कार्यक्रम के अतिथि सांसद राकेश सिंह जी, महापौर जगत बहादुर अन्नू जी, विधायक विनय सक्सेना जी व 1960 बैच की पूर्व छात्रा आशा मुखारया, किरण काल्वे के मुख्यातिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद राकेश सिंह ने अतिथि की आसंदी से कहा कि नारी शक्ति का आज हर क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ योगदान है। वह सर्वशक्ति मान है। यह पुनर्मिलन समारोह एक मंच है जहां पर पूर्व छात्राओं को एक-दूसरे से मिलने का अवसर देता है। कार्यक्रम के सफलता के लिए उन्होंने अपनी शुभकामनाएं आयोजन समिति को दी। कार्यक्रम में पधारे विधायक विनय सक्सेना ने कहा कि यह कार्यक्रम अद्भुत है मातृ शक्ति के बीच शामिल होने का अवसर मिला है यह सौभाग्य है। उन्होंने मंच से स्कूल में 10 वीं व 12 वीं कक्षा में मेरिट में आने वाले छात्रों को दी जाने वाली स्कॉलरशिप की



राशि में योगदान देने की बात कही। कहा कि आप राशि तय करें उसे आप तक कैसे पहुंचाना है ये मेरा काम होगा। कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे नगर के महापौर जगत बहादुर अन्नू ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता पर काम करने के लिए जो भी सहयोग शिक्षकों को चाहिए वह उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे। उन्होंने मंच से कहा यहां पर देश-विदेश भी पूर्व छात्राएं इसमें शामिल होने आई है। इन्हें शहर के पर्यटन स्थलों में भ्रमण कराने की व्यवस्था वे करेंगे। अंत में उन्होंने अपनी शुभकामनाएं आयोजन समिति के पदाधिकारियों को दी। कार्यक्रम में डॉ. प्रभा मिश्रा प्राचार्या एमएलबी स्कूल,डॉ. श्रद्धा श्रीवास्तव, आराधना साहू, समिता जग्गी, किरण काल्वे, विभा पटेल, प्रगति गुप्ता, बबिता अहिरवार, वर्षा अलगांवकर, उमा शिल्पकार, अनिता दुबे, सरिता सिंह का विशेष सहयोग रहा। सभी अतिथियों का शॉल, श्रीफल व मोमेंटों के साथ पौधा देकर अभिनंदन किया गया।

### 500 से ज्यादा पूर्व छात्राएं हुई शामिल

कार्यक्रम में शामिल होने देश के महाराष्ट्र, गुजरात सहित अन्य राज्यों के साथ अमेरिका, ओमान, यूएस से पूर्व छात्राएं पहुंची थी। समारोह में करीब 500 से ज्यादा पूर्व छात्राएं शामिल हुई। समारोह के दूसरे फेस में मनोरंजक खेल, स्कूल भ्रमण भी किया गया। साथ ही 40 पूर्व छात्राओं को शॉल, श्रीफल व मोमेंटों से सम्मानित किया गया।

# सिहोरा में जिला पंचायत सदस्य द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सम्मान





**जबलपुर, यशभारत।** सिहोरा विधानसभा के गोसलपुर ब्लाक के ग्राम भदम में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम व कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लिया, जिसमे कार्यकर्ताओ का सम्मान किया। कार्यकर्ताओं का सम्मान जिला पंचायत सदस्य एकता ठाकुर सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा किया गया।




























# मेडिकल– भेड़ाघाट रोड पर सुबह से लगता है जमावड़ा, खुलेआम हो रही कालाबाजारी

जबलपुर, यशभारत। रेत की कालाबाजारी रुकने का नाम नहीं ले रही है। प्रशासनिक स्तर पर तमाम प्रयासों के बाद भी रेत से भरे हाईवा बाईपास से पास हो रहे हैं। कालाबाजारी के चलते प्रशासन को लाखों की रायल्टी का रोज नुकसान हो रहा है। मेडिकल– भेड़ाघाट बायपास पर रेत से भरे हाइवा खड़े रहते हैं और सप्लाई की जा रही है। निर्माण कार्यों में रेत की बढ़ती उपयोगिता को देखते हुये जमकर दलाली भी होने लगी है। ट्रेक्टर से शुरू हुआ रेत ढुलाई का सफर डम्पर और हाईवा तक जा पहुंचा है। पता चला है कि रेत की कालाबाजारी करने वालों ने सैकड़ों की संख्या में डम्पर / हाईवा चला रखे हैं, इनमें से अधिकांश में नंबर तक नहीं है। जबकि पूर्व में रेत की कालाबाजारी को रोकने के लिये प्रशासन ने सख्त कार्रवाई भी की थी। मगर कुछ दिनों तक कालाबाजारी बंद रहने के बाद फिर से सक्रिय हो गये हैं। सूत्रों के मुताबिक कार्रवाई में शिथिलता आते ही अवैध रूप से रेत निकालने और परिवहन का काम शुरू कर दिया गया है।



### झांसीघाट से रेत भरकर आते हैं हाईवा

प्राप्त जानकारी के मुताबिक शहपुरा के पास झांसीघाट से रेत की बड़ी खेप रोजाना हाइवा में भरकर लाई जा रही है और भेड़ाघाट बायपास से पूरे शहर में जरूरत के हिसाब से सप्लाई की जाती है। यहां पर सुबह से दलालों का जमावड़ा लग जाता है जो रेत-गिट्टी के फुटकर विक्रेताओं के फोन आते ही वहां पर हाइवा रवाना कर देते हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व में शहपुरा झांसीघाट के पास से भारी मात्रा में अवैध रात बरामद की गयी थी। तब ऐसा लग रहा था कि झांसीघाट से रेत का अवैध उत्खनन बंद हो जायेगा। मगर प्रशासनिक पकड़ ढीली पड़ते ही फिर से उत्खनन शुरू कर दिया गया है।

### सबने बंद रखी हैं आंखें

हाइवे के ब्रिज के नीचे तिलवारा की तरफ जाने वाले रास्ते 24 घंटे रेत से भरे हाइवा खड़े कर दिये जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेत से भरे हाइवा खड़े रहने की वजह से आम लोगों को आने-जाने में बेजा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बताया जाता है कि जागरुक लोगों ने रेत से भरे हाइवा की जानकारी जिम्मेदार विभागों को भी दे चुके हैं मगर हफ्ता वसूलने के कारण कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है, सबने आंखें मूंद रखी है।

### रेत के दाम पर अंकुश नहीं

प्राप्त जानकारी के मुताबिक तीन साल पहले एक हाइवा की कीमत 18 से 20 हजार रुपये हुआ करती थी। वर्तमान में यह 28000 पहुंच रही है। इसी तरह से जिस डम्पर की कीमत 10 से 12 हजार होती थी वह आज 17 से 18 हजार रुपये में बिक रही है। रेत के दाम लगातार आसमान छूते जा रहे हैं और प्रशासन की पहुंच से इसके दाम बाहर हो चुके हैं। अब रेत के दाम दलाल और खदान के मालिक तय करते हैं और मनमाने दामों में बाजार में बेची जा रही है। रेत माफियाओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई किये जाने का खौफ यहां पर नजर नहीं आ रहा है। केवल बाईपास ही नहीं बल्कि शहर के अंदर भी खुलेआम रेत का स्टाक किया जा रहा है। जबकि पूरे शहर में सड़कों के किनारे स्थायी अड्डे बना लिये गये हैं और जहां पर रेत का खुलेआम भंडारण किया जा रहा है। कुछ लोगों ने भारी भरकम गोदाम बना रखे हैं। जहां पर एक बार में सैकड़ों हाइवा रेत का भंडारण किया जा सकता है। इन सबके बारे में जिम्मेदारों को भी पता है मगर उन गोदामों पर कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटाई जा रही है।

### नो एन्ट्री के रेट आज भी 2000

नो एन्ट्री में भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित है मगर इसके बावजूद नो एन्ट्री के समय रेत, गिट्टी से भरे हाइवा और डम्पर खुलेआम देखे जाते हैं। नो एन्ट्री के रेट आज भी दो हजार रुपये लिये जा रहे हैं। इसके बदले थाने की सरहद से बाहर निकालने तक की पूरी जिम्मेदारी किसी सिपाही को सौंप दी जाती है। नजराने की दम पर हाईवा नो एन्ट्री की धज्जियां उड़ाते फिर रहे हैं।

# दो बच्चों की माँ के साथ युवक ने किया दुष्कर्म

### शादी का झांसा देकर कर रहा था दैहिक शोषण

जबलपुर, यशभारत। अधारताल में दो बच्चों की मां के साथ दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जहां रांझी में रहने वाले शोहदे ने पहले तो महिला को प्रेम के जाल में फांसकर मीठी-मीठी बातें की और फिर उसके बाद उसका दैहिक शोषण करता रहा। लेकिन जब महिला ने विवाह कर लेने की बात कही तो आरोपी साफ मुकर गया। जिसके बाद पीड़िता ने थाने शिकायत की। मुस्तैद पुलिस ने जीरो की कायमी कर, केस डायरी रांझी स्थानांतरित कर आरोपी को अभिरक्षा में ले लिया है। जिससे पूछताछ जारी है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सर्रापीपर रांझी निवासी 38 वर्षीय महिला ने शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि उसके मोहल्ले में ही रहने वाले युवक से उसका पहले से परिचय है। वह पति के साथ पहले आया जाता करता था। लेकिन पति के जाने के बाद उसने झांसे में लेकर उसका शोषण करने लगा।



### कर्ज से परेशान था पति

पीड़िता ने बताया कि कर्जा अधिक बढ़ने के कारण लोग पति को परेशान करने लगे। जिससे तंग आकर पति, घर छोड़कर चला गया और फिर दोबारा वापस नहीं आया। वह कपड़े की मशीन चलाकर किसी तरह दो बच्चों को पाल रही है।

### शादी करने से मुकर गया शोहदा

पीड़िता ने बताया कि शोहदे ने उससे कहा था कि वह उससे शादी करेगा। उसे भी दोनों बच्चों की देखरेख करने में परेशानी हो रही थी। जिसके बाद उसके प्रेम प्रसंग हो गए। लेकिन बाद में आरोपी शादी करने से मुकर गया और भाग गया।

### घेराबंदी कर आरोपी को दबोचा

प्रकरण दर्ज होने के बाद हरकत में आई मुस्तैद पुलिस ने तत्काल आरोपी रांझी के सर्रापीपर से दबोच लिया। जिससे पूछताछ जारी है।

# मानव जीवन में खेलों का विशेष महत्व है : सांसद राकेश सिंह

### 12 दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ 13 जनवरी से



जबलपुर, यशभारत। देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का देशवासियों से खेलों को बढ़ावा देने का सदैव ही आग्रह रहा है, और इस दिशा में हमारी सरकारें निरंतर कार्यरत हैं, लेकिन यह कार्य सरकार अकेले नहीं कर सकती, इसके लिए जन जागरूकता व सहभागिता भी आवश्यक है यह कहना है जबलपुर से सांसद राकेश सिंह का जो सोमवार को पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे इस दौरान उन्होंने जानकारी दी कि पिछले वर्ष ÷सॉंसद खेल महोत्सव÷ का आयोजन किया था किंतु उस समय कोरोना संक्रमण की वजह से इसे स्थगित करना पड़ा था। खेलों को बढ़ावा देने और नई प्रतिभाओं को मौका देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में सॉंसद खेल महोत्सव का आयोजन करने का आग्रह किया था। इसी को दृष्टिगत रखते हुए जबलपुर संसदीय क्षेत्र में 12 दिवसीय सांसद खेल महोत्सव'' का आयोजन किया जा रहा है, जहाँ भारतीय खेलों के साथ पारम्परिक खेलों व क्रिकेट जैसे खेल खेले जाएंगे।

# ताप्ती गंगा में यात्री का छूटा बैग जीआरपी ने खोज निकाला

जबलपुर यश भारत। स्टेशनों में जल्दबाजी के चक्कर में उतरने के कारण यात्री अपना कीमती सामान भूल जाते हैं जिसमें बाद में उनको परेशानियों का सामना करना पड़ता है ऐसा ही एक मामला पश्चिम मध्य रेल के सतना जीआरपी में सामने आया जहां ताप्ती गंगा से जबलपुर जा रहे यात्री अभिषेक सिंह निवासी भल्ला फार्म के पास सतना लैपटॉप डेल कंपनी के कीमती ?80000 का भूल से रेलवे स्टेशन सतना में छूट गया था जब यात्री रेलवे स्टेशन जबलपुर पहुंचे तब उन्होने सामान स्टेशन जबलपुर में उतारा एक बैग जिसमें रखा लैपटॉप भी था नहीं मिला तब उनको याद आया कि शायद रेलवे स्टेशन सतना में ही छूट गया होगा जिस पर से रेलवे हेल्पलाइन 139 का उपयोग कर तलाश हेतु सूचना दिया जिस पर से कंट्रोल रूम जीआरपी जबलपुर को सूचना प्राप्त होने पर ड्यूटी रत आर नौशाद खान द्वारा सूचना जीआरपी सतना में प्रधान आरक्षक शंकर सहाय त्रिपाठी को नोट कराई गई जिस पर से ड्यूटी प्रा आरक्षक गणेश तिवारी को तलाश हेतु बताया गया प्रधान आरक्षक गणेश तिवारी द्वारा प्रधान आरक्षक गणेश तिवारी द्वारा स्टेशन में भूले बैग लैपटॉप की तलाश की जो मिलने पर चौकी में जमा किया यात्री को भूल गए लैपटॉप मिलने की सूचना दी गई जो जबलपुर से वापस सतना आए जिन्हें लैपटॉप सामान दिया गया जो कर्मचारियों की सतर्कता एवं तत्काल बैग तलाश कर सुपुर्द किए जाने पर यात्री ने काफी खुशी जाहिर की।

### कटंगी में बड़ा हादसा टला

# बेकाबू ट्रक चालक ने कार सवार को मारी टक्कर हवा में उछलकर पलटी




जबलपुर, यशभारत। कटंगी के बेलखाडू में एक बेकाबू ट्रक चालक ने सामने से आ रही कार में सीधी टक्कर मार दी। गनीमत यह रही कि रोड उस वक्त खाली थी, जिससे किसी को चोट नहीं आई, लेकिन कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि रणधीर सिंह लोधी 44 वर्ष निवासी बरखेड़ा पथरिया जिला दमोह ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने साले के साथ अपनी ईको स्पोर्ट कार क्रमांक एमपी 20 सीई 2363 से पथरिया से जबलपुर आ रहा था, कार को उसका ड्रायवर धर्मेन्द्र सिंह चला रहा था। बेलखाडू में जैसे ही पहुंचे तभी कटंगी की तरफसे आ रहे ट्रक क्रमांक एमपी 07 एचबी 5275 के चालक ने सीधी टक्कर मार दी।

# पड़ोसी ने युवक को चाकुओं से गोदा

### रुपयों की डिमांड पूरी नहीं करने पर दिया वारदात को अंजाम

### पुलिस ने आरोपी को दबोचा, पूछताछ जारी

जबलपुर, यशभारत। कोतवाली की उखरी चौकी अंतर्गत देर रात एक पड़ोसी ने ही युवक को चाकुओं से गोदकर मरणासन्न कर दिया और मौके से फरार हो गया। पूरा मामला तड़ीबाजी का है। आरोपी लगातार रुपयों की डिमांड कर रहा था, लेकिन पीड़ित ने रुपये देने से साफ इंकार कर दिया। जिसके बाद आगबबूला हुए आरोपी ने जमकर मारपीट कर, चाकुओं से युवक को छलनी कर दिया। जिसे आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं पीड़ित की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने आरोपी को अभिरक्षा में लिया है। जिससे पूछताछ जारी है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि अंकित ठाकुर 26 वर्ष राजीव नगर चेरीताल की निवासी है। देर रात पड़ोसी सौरभ ठाकुर ने युवक से रुपयों की डिमांड की। लेकिन युवक ने डिमांड पूरी करने से मना कर दिया। जिसके बाद गुस्साए आरोपी ने युवक से गालीगलौच की। जब युवक ने विरोध किया तो आरोपी ने आंव देखा ना तांव और चाकुओं से ताबड़तोड़ वार कर लहूलुहान कर दिया। चाकुओं के वार से युवक वहीं बदहवास गिर गया। जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया। इस दौरान पुलिस को मिली खबर के बाद आरोपी सौरभ ठाकुर को अभिरक्षा में ले लिया गया है।



# फायर मेनों से कराया जा रहा गेट कीपर का काम

जबलपुर यशभारत। व्हीएफजे में फायर ब्रिगेड कर्मचारियों का शोषण किये जाने का आरोप लगाते हुए फायर ब्रिगेड कर्मचारी संघ ने आरोप लगाया है कि व्हीएफजे प्रशासन फायर मेनों को जबरन सुरक्षा विभाग के तहत निर्माणी गेटों पर गेट कीपर के रूप में तैनात कर उनसे कार्य कराया जा रहा है।जो कि उनके ट्रेड की प्रकृति से भिन्न है।फायर ब्रिगेड कर्मचारी संघ के महामंत्री दयाराम रजक और पदाधिकारी संतोष सिंह का कहना है कि सुरक्षा विभाग और फायर ब्रिगेड में नियुक्ति से लेकर पदोन्नति तक के नियम अलग अलग हैं ।लेकिन अनुभाग प्रभारी ने उच्चाधिकारियों से से शिकायत करके फायर मेनों का तबादला सुरक्षा विभाग में करा दिया।इतना ही नहीं आग बुझाने वाले कर्मचारियों को द्वारों पर तैनात कर दिया।जबकि अभी फैक्ट्री कर्मी प्रतिनियुक्ति पर हैं औरअभी किसी भी सरकारी कर्मचारी के नियम पर बदलाव नहीं किया गया है।अतः मांग की गई है कि फायर ब्रिगेड कर्मचारियों को उनके मूल कार्य में लगाया जाए।

**व्हीएफजे प्रशासन पर फायर ब्रिगेड कर्मचारी संघ का आरोप**

# छात्रा से सरेराह छेड़छाड़

### शोहदों ने कहा- करना चाहता हूं शादी, नहीं मानी तो उठा लूंगा



जबलपुर, यशभारत। कसही में सातवीं की छात्रा से छेड़खानी का एक मामला सामने आया है। शोहदों ने बीच रास्ते रोककर छात्रा का हाथ पकड़कर अश्लील कमेंट्स किए और फिर उठा लेने की धमकी दी। जिसके बाद दहशत में आई छात्रा सीधे घर लौट गयी और परिजनों सहित थाने आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई। मुस्तैद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर, जांच में लिया है।

पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 14 वर्षीय छात्रा ने बताया कि वह स्कूल में पढ़ती है। रास्ते में आवारा शोहदे रोज-रोज छींटाकशी करते है। लेकिन लोकलाज के कारण वह चुप रही। लेकिन उससे बदमाशों के हौसले बढ़ गए। जिसके बाद दो अज्ञात शोहदों ने छात्रा पर शादी कर लेने का दबाव बनाया और बात नहीं मानने पर उठा लेने की धमकी भी दी। डरी-सहमी छात्रा ने घर जाकर पूरी बात परिजनों को बताई। जिसके बाद परिजनों ने थाने में सूचना दी। प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस अब आरोपियों को तलाश करने में जुटी है।

# साले और ससुर ने दामाद से की जमकर मारपीट

### पीड़ित ने कहा- बंधक बनाकर पीटा



### पुलिस ने कहा- पति और सास को कर रहा था प्रताड़ित

जबलपुर, यशभारत। गोकलपुर क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने अपने ससुराल वालों पर मारपीट का आरोप लगाया है। युवक का कहना है कि ससुराल वाले उसे अपनी पत्नी से नहीं मिलने दे रहे हैं और जब वह अपनी ससुराल गया तो साले और ससुर ने बंधक बनाकर उसके साथ जमकर मारपीट की। वहीं, पुलिस ने बताया कि युवक अपनी पत्नी और सास को प्रताड़ित कर रहा है। बहरहाल पुलिस ने मामला जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि रमेश ठाकुर ने अपनी पत्नी के साथ जमकर मारपीट की थी और उसे घर से भगा दिया था जिसके चलते उसकी पत्नी अपने मायके में जाकर रहने लगी और अपने ससुराल आने से इंकार कर रही है। जिसके चलते रमेश ठाकुर द्वारा अपने ससुराल वालों पर इस तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं। रमेश ठाकुर की पत्नी व ससुराल वालों ने उसके खिलाफ घरेलू हिंसा का आरोप भी लगाया है। जिसको लेकर जांच चल रही है ऐसे में युवक द्वारा लगाए जा रहे आरोप संदेह पैदा करते हैं।

# सिहोरा अस्पताल में डॉक्टर की कमीशनबाजी में पूर्व विधायक के बेटे से विवाद

### दुर्घटना में घायल युवक को घंटों बाद मिला इलाज

जबलपुर, यशभारत। सिहोरा शासकीय अस्पताल में डॉक्टर की कमीशनबाजी के चक्कर में जमकर विवाद हुआ। दरअसल अस्पताल के बाहर घंटों से इलाज के लिए इंतजार कर रहे एक युवक को लेकर पूर्व विधायक के बेटे से डॉक्टर की कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि डॉक्टर ने इस्तीफा तक देने की धमकी दे दी। पूर्व भाजपा विधायक दिलीप दुबे के बेटे राजा दुबे के पास कुछ लोग पहुंचे और बताया कि एक युवक सड़क दुर्घटना में घायल होकर शासकीय सिविल अस्पताल सिहोरा के बाहर बैठा है लेकिन उसे इलाज नहीं मिल रहा है और अस्पताल में प्लास्टर बांधने को लेकर आनाकानी की जा रही है। विधायक पुत्र लोगों की शिकायत पर अस्पताल पहुंचे और अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर से बात की तो वह अभद्रता में उतर आए। डॉक्टर का कहना था कि फेक्चर सामग्री उनकी पसंद की दुकान से नहीं आई इसलिए वह युवक का इलाज नहीं करेंगे। इस बीच राजा दुबे और अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर चिन्मय प्रधान के बीच विवाद हुआ।




### कमीशनखोरी चरम पर है, कोई अभद्रता नहीं हुई : पूर्व विधायक दिलीप दुबे

सिहोरा के पूर्व विधायक दिलीप दुबे ने यशभारत से चर्चा करते हुए बताया कि सिहोरा शासकीय अस्पताल में कमीशनखोरी चल रही है। डॉक्टर उन दुकानों से दवा खरीदने का दवाब बनाते है जहां से उनको कमीशन मिलता है। रविवार को भी बेटे राजा दुबे से अस्थि रोग डॉक्टर की इस वजह से बहस हुई थी। बेटे का कहना था किसी विशेष दुकान से दवा खरीदी के लिए मरीजों के परिजनों पर दबाव न बनाया जाए इस पर डॉक्टर बिफर गए और अभद्र तरीके से बात करने लगे।

# ओएफके कैंटीन कमेटी का पुनर्गठन किया गया



जबलपुर यशभारत। आयुध निर्माणी खमरिया में तत्कालीन महाप्रबंधक और वर्तमान सीएमडी म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड रवि कांत द्वारा स्थापित स्टेट ऑफ द आर्ट के तहत औद्योगिक कैंटीन की गुणवत्ता एवं सेवाओं को उच्चतम स्तर पर बनाए रखने के लिए आयुध निर्माणी खमरिया में संचालित औद्योगिक कैंटीन की नई कैंटीन कमेटी कि पहली बैठक गत दिनों कैंटीन के अध्यक्ष एवं प्रशासनिक अधिकारी एन.डी. तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई ,बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में संयुक्त महाप्रबंधक दिनेश कुमार उपस्थित थे, ।इस अवसर पर निर्माणी के कर्मचारियों की सुविधाओं को और भी बेहतर बनाने के लिए चर्चा की गई बैठक में स्टाफ साइड से समिति के शेखर गजभिए अशोक सोनी भीकम झारिया एवं यूनियन प्रतिनिधि गण मुकेश मुखिया अजय शाक्या पिंटू मरावी उपस्थित थे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद पनागर, जिला-जबलपुर, म.प्र.**

Email: cmopanagar@mpurban.gov.in Tel 0761-2350029

कमांक/2520/न.पा./2022 पनागर, दिनांक 19/12/2022

**/ / निविदा सूचना / /**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय क्षेत्र में आतंकी बंदरों को पकड़ कर जंगल में छोड़ने हेतु दरें आमंत्रण की जाती है। उपरोक्त कार्य के इच्छुक फर्म/निविदादाता फर्म के लेटर पैड पर प्रस्तावित राशि लिखित रूप से प्रस्तुत करते हुये दिनांक 03/01/2023, को समय 3.30 बजे तक बंद लिफाफे में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं प्राप्त निविदाय उपस्थित निविदाकारों के समक्ष दिनांक 03/01/23 को अपरान्ह 4.30 बजे खोली जावेगी निर्धारित दिनांक एवं समय के उपरांत प्राप्त दरों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। कार्यों का विवरण इस प्रकार है। निविदा से संबंधित अन्य शर्तें कार्यालयीन कार्य दिवसों में नगरपालिका पनागर की स्वास्थ्य शाखा में अवलोकन की जा सकती हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पनागर पनागर

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )

## संपादकीय

### फिर 'आपदा' में 'अवसर'

चीन, जापान, दक्षिण कोरिया आदि देशों में कोरोना संक्रमण की आई लहर को देखते हुए ऐसा लगता है कि भारत सरकार ने 'आपदा' में 'अवसर' की अपनी रणनीति को फिर याद किया है। 2020 में कोरोना संक्रमण आते ही सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ चल रहे मशहूर शाहीनबाग आंदोलन से मुक्ति पा ली थी। अब निशाने पर कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा है। वरना, अभी जबकि सरकार ने कोई आम अनिवार्य एडवाइजरी जारी नहीं की है। कहीं भी मास्क पहनना या सोशल डिस्टेंसिंग को जरूरी नहीं बनाया गया है। लेकिन एक भाजपा सांसद की शिकायत पर स्वास्थ्य मंत्री ने यह जरूरी समझा कि राहुल गांधी और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिख कर कोरोना के खतरे से आगाह किया जाए। पत्र में कहा गया कि या तो यात्रा के दौरान कोरोना नियमों का पालन किया जाए या फिर यात्रा रोक दी जाए। अगर कोरोना लहर का खतरा वास्तविक है, तो सरकार को पूरा अधिकार है कि वह ऐसे परामर्श या आदेश जारी करे। लेकिन अगर ऐसे पत्र सिर्फ सत्ताधारी समूह के लिए असहजता पैदा कर रही किसी राजनीतिक गतिविधि को भेजा जाएगा, तो उस पर जरूर सवाल उठाए जाएंगे। इसके पहले बच्चों के कथित राजनीतिक उपयोग का आरोप लगाते हुए भी संबंधित सरकारी संस्थान ने भारत जोड़ो यात्रा पर शिकंजा कसने की कोशिश की थी। अलग-अलग मसलों पर जो सियासी विवाद खड़े किए गए, वो तो अलग ही हैं। बहरहाल, सरकार, मंत्रियों और उसकी संस्थाओं को यह अवश्य समझना चाहिए कि ऐसे एकतरफा और राजनीति से प्रेरित महसूस होने वाली उनकी कार्रवाइयों से खुद ही उनकी ही साख कमजोर होती है। उससे सत्ताधारी समूह की समर्थक जमातों में जरूर उत्साह पैदा होता होगा, लेकिन समाज के अन्य हिस्सों में आक्रोश भरी प्रतिक्रिया होती है। यह भी समझने की बात है कि शासन सिर्फ शक्ति से संचालित नहीं होता। बल्कि उसकी साख और प्रतिष्ठा भी एक बड़ी चीज होती है। 'भेड़िया आया' वाली कहानी इस सिलसिले में सबको याद रखनी चाहिए। इसलिए कि ऐसा ना हो कि जब सचमुच भेड़िया आए, तब भी ऐसे शोर पर लोग यकीन ही ना करें।

# आइये नव वर्ष में अपनी पसंद को क्षमताओं में बदलें

एक बार चुनाव किसी के दिमाग और दिल से उत्पन्न होता है और अंततः उसकी क्षमताओं में और उसके निर्णय लेने में परिलक्षित होता है। किसी भी स्थिति के लिए प्रतिक्रिया एक विकल्प और उसके परिणाम के लिए एक आदर्श उदाहरण है। कोई भी इस दुनिया में अनुकरणीय क्षमताओं के साथ पैदा नहीं हुआ है। लेकिन किसी विशेष विषय को चुनना, पसंद से उस पर कड़ी मेहनत करना, इस विषय में दूसरों को टक्कर देना और हराना है और इसलिए यह सब उस एक सामान्य विषय या तत्व को चुनने और उसे अपनी क्षमता में स्थानांतरित करने की पसंद के बारे में है। क्षमता खुली है, अक्सर किसी कार्य को करने या पूरा करने के लिए सटीकता की गति और विधि के रूप में वर्णित किया जाता है जो अन्य की तुलना में बेहतर और तेज और अधिक सटीक होता है। एक व्यक्ति किसी भी क्षमता के साथ पैदा हो सकता है या नहीं लेकिन धीरे-धीरे किसी भी क्षमता को प्राप्त कर सकता है यदि वह उस क्षमता को प्राप्त करने के लिए आवश्यक सभी प्रयास और समय लगाकर ऐसा करना चाहता है। आइये नव वर्ष में अपनी पसंद को क्षमताओं में बदले। किसी व्यक्ति द्वारा किया जाने वाला चुनाव उसकी निर्णय लेने की क्षमता के बारे में है जो उसके भीतर गहरे में निहित है, जबकि किसी भी समय उसके पास मौजूद क्षमता उस कौशल और विशेषज्ञता का वर्णन करती है जिसे उसने अपने विकास की प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त किया है। यह किसी की पसंद है जो उसकी क्षमताओं को तय कर सकती है लेकिन किसी की क्षमता कभी-कभी किसी की पसंद तय कर सकती है या नहीं। एक बार चुनाव किसी के दिमाग और दिल से उत्पन्न होता है और अंततः उसकी क्षमताओं में और उसके निर्णय लेने में परिलक्षित होता है। किसी भी स्थिति के लिए प्रतिक्रिया एक विकल्प और उसके परिणाम के लिए एक आदर्श उदाहरण है। कोई भी इस दुनिया में अनुकरणीय क्षमताओं के साथ पैदा नहीं हुआ है। लेकिन किसी विशेष विषय को चुनना, पसंद से उस पर कड़ी मेहनत करना, इस विषय में दूसरों को टक्कर देना और हराना है और इसलिए यह सब उस एक सामान्य विषय या तत्व को चुनने और उसे अपनी क्षमता में स्थानांतरित करने की पसंद के बारे में है। क्षमता खुली है अक्सर किसी कार्य को करने या पूरा करने के लिए सटीकता की गति और विधि के रूप में वर्णित किया जाता है जो अन्य की तुलना में बेहतर और तेज और अधिक सटीक होता है। एक व्यक्ति किसी भी क्षमता के साथ पैदा हो सकता है या नहीं लेकिन धीरे-धीरे किसी भी क्षमता को प्राप्त कर सकता है यदि वह उस क्षमता को प्राप्त करने के लिए आवश्यक सभी प्रयास और समय लगाकर ऐसा करना चाहता है। पृथ्वी पर जीवन के आगमन से, विभिन्न प्रकार की क्षमताओं के साथ शैलियों और प्रजातियों को जन्म से दिया गया था। जनरल चलियोज में तेजी से दौड़ने की क्षमता थी और शिकार को जल्दी से टुकड़ों में कुचलने के लिए तेज दांत, लचीली रीढ़ की हड्डी, तेज आंखें और कान, त्वरित प्रतिवर्त क्रियाएं यानी जंगल के राजा होने के लिए वास्तव में अपरिहार्य सभी गुण थे। इसी तरह अन्य विधाएं भी थीं। लेकिन जंगल में जीवित रहने के लिए आवश्यक उपरोक्त भौतिक गुणों की कमी के बावजूद भी होमो सेपियन्स को इस पृथ्वी के शासक के रूप में क्या बनाया ? यह उनके विकास की प्रक्रिया के दौरान समय-समय पर होमो सेपियन्स द्वारा किया गया विकल्प था औजारों को तेज करना, आग लगाना, भोजन के शिकारी से कृषक बनना या सभी एक साथ हम कह सकते हैं कि संज्ञानात्मक क्रांति ( दिमाग का ज्ञान और मस्तिष्क का उपयोग ) कृषि क्रांति और अंत में औद्योगिक क्रांति सभी प्रजातियों द्वारा किए गए विकल्पों और निर्णयों के परिणाम च्चसेपियन्सज्ज को च्चसमय-समय पर किये गए प्रयासों ने उन्हें अंततः इस दुनिया का शासक बना दिया। सेपियन्स ने अपनी शारीरिक क्षमताओं के बजाय अपने दिमाग को विकसित करने के एक ही विकल्प ने सभी जरूरतमंदों को पूरा किया।

किसी व्यक्ति द्वारा किए गए विकल्प क्षमताओं की प्रयोज्यता का पता लगाते हैं, पॉलिश करते हैं और निर्णय लेते हैं। यह अर्जुन ( महाभारत ) की पसंद थी कि वह केवल लक्ष्य यानी पक्षियों की आंखों पर ध्यान केंद्रित करे और बाकी के दृश्य को नजरअंदाज कर दे, जिसने उसे अपने अन्य साथी प्रतिस्पर्धियों से तीरंदाजी के क्षेत्र में सबसे अधिक योग्य बना दिया। दक्षिण अफ्रीका में यूरोपीय शासकों द्वारा किए जा रहे नस्लवाद के खिलाफ और अंग्रेजों द्वारा भारतीयों पर जुर्म के खिलाफ महात्मा गांधी द्वारा अपनाई गई अहिंसक संघर्ष की क्षमता थी, जिसने बाद में इन विकल्पों और इस तरह की क्षमताओं के आधार पर सब को जीत लिया। सामाजिक स्तर पर यह फिर से वह विकल्प है जिसने मानव के विश्व इतिहास को आकार दिया। फ्रांसीसी क्रांति का मूल स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे विकल्पों में था ( ये विकल्प हैं लेकिन क्षमताएं नहीं )। रूसी क्रांति कार्ल मार्क्स के प्रेरित वर्ग संघर्ष और उनके शोषण की धारणाओं से उत्पन्न हुई। जबकि भारतीय क्रांति की जड़ें राष्ट्रवाद के उदय में थीं। राष्ट्रवाद का विकास एक विकल्प है न कि योग्यता।

विश्व इतिहास में हुई सभी प्रमुख घटनाएं जैसे साम्राज्यवाद और उपनिवेशवाद, औद्योगिक क्रांति, प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध ( दूसरे पर अपनी जाति की श्रेष्ठता साबित करने का विकल्प ) और वैश्वीकरण के परिणाम के रूप में अर्थव्यवस्थाओं की अन्योन्याश्रय, विश्व अर्थव्यवस्था का एक एकल वैश्विक अर्थव्यवस्था में त्वरित परिवर्तन सभी विभिन्न स्तरों पर और विभिन्न समयों पर चलने वाले विकल्पों के परिणाम हैं। वर्तमान में, कोरोना वायरस कोविड की महामारी प्रदर्शित करती है कि कैसे गलत विकल्प ( उदाहरण यूएसए, इटली, स्पेन ) एक बार अक्षमता की ओर ले जाता है और जब विकल्प समय पर किए जाते हैं ( उदाहरण भारत ), क्षमताओं में परिवर्तित हो सकते हैं।

जहां क्षमताओं को विकसित करना है, प्राप्त करना है या खो देना है, चुनाव करना है। क्षमताएं केवल किसी के द्वारा किए गए विकल्पों की उपज हैं और इसलिए एक बार क्षमता अंततः किसी की पसंद को दर्शाती है जबकि किसी की पसंद किसी की क्षमता को प्रतिबिंबित कर सकती है या नहीं। क्षमता आपको एक स्थान पर रख सकती है लेकिन यह अंततः पृष्ठभूमि में किसी की पसंद है जो उस स्थान पर रहते हुए किसी व्यक्ति, समाज, समुदाय या राष्ट्र-राज्य के लिए निर्णय लेने को नियंत्रित करती है। यह हमारी पसंद है जो दिखाती है कि हम वास्तव में क्या हैं। आइये नव वर्ष में अपनी पसंद को क्षमताओं में बदले।

**डॉ सत्यवान सौरभ,**

# नमामि गंगे परियोजना यूएन ने सराही- सुधर रही है गंगा की सेहत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली 'नमामि गंगे' परियोजना की सरहाना संयुक्त राज्ष्ट्र के पर्यावरण कार्यक्रम ( सीओपी 15 ) के दौरान एक रिपोर्ट में की गई। यह सम्मेलन कनाडा में संयुक्त राष्ट्र का पन्द्रहवां जैव विविधता सम्मेलन है। यह एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि गंगा केवल एक पानी की नदी भर नहीं है, बल्कि उसके किनारों पर 52 करोड़ लोग रहते हैं, भारत की कुल जीडीपी का 40 प्रतिषत हिस्सा इसी गंगा के पानी से उपजने वाली फसल और पर्यटन से चलती है। क्योंकि गंगा के किनारे बसे प्रत्येक प्रमुख षहर से भारतीय संस्कृति की एक ऐसी कहानी जुड़ी हुई है, जो सनातन संस्कृति और धर्म को मूल्यवान बनाती है। वाराणसी का अभूतपूर्व कायाकल्प हो जाने से इस धर्मनगरी का महत्व विष्व पर्यटन में स्वीकार हुआ है, नतीजतन यहां देष के साथ-साथ दुनिया से आने वाले पर्यटकों की उम्मीद से कहीं ज्यादा संख्या बढ़ी है। जैव विविधता की दृश्टि से भी इस जीवनदायी नदी की सफाई जरूरी थी, जिससे 52 करोड़ लोग निरोगी रहते हुए जीवन-यापन कर सकें।

संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन में जारी हुई रिपोर्ट में स्वीकार किया है कि हिमालय से बंगाल की खाड़ी तक 2,525 किमी की लंबाई में बहने वाली इस नदी को जलवायु परिवर्तन, जनसंख्या वृद्धि, प्रदूशण और औद्योगिकरण से बड़ा नुकसान हुआ है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'नमामि गंगे' परियोजना ने नदी के 1500 किमी के हिस्से को प्रदूशण मुक्त कर इसे पूनर्जीवित किया है। इस क्षेत्र में नदी के जलग्रहण क्षेत्र की सफाई के साथ-साथ इसके किनारों पर तीस हजार एकड़ में नए वन लगाने के साथ, पुराने जंगल का भी उचित संरक्षण किया गया। ऐसा यूएन का अनुमान है कि यदि इस जंगल की बहाली नहीं होती तो 2030 तक 25 करोड़ टन कार्बन उत्सर्जन की मात्रा बढ़ती, जो इस क्षेत्र की आबादी, जल-जीवों और पषु-पक्षियों के लिए बड़े संकट का सबब बन सकती थी। लेकिन कॉर्बन उत्सर्जन की मात्रा अब निरंतर घट रही है। इस परियोजना के लक्ष्यों में वन्यजीव प्रजातियों का संरक्षण एवं उन्हें पुनर्जीवित करना भी था। इनमें डॉल्फिन, घड़ियाल, कछुए, ऊदबिलाव और हिल्सा मछली षामिल हैं। पर्यावरण सुधरेगा तो अन्य पषु-पक्षियों को भी जीवनदान मिलेगा। इसीलिए इसे संयुक्त राष्ट्र ने दुनिया के दस प्रमुख प्रयासों में से एक माना है।

केंद्र सरकार की इस अत्यंत महत्वूर्ण योजना के अंतर्गत गंगा में गिरने वाले जल को रोकने के साथ-साथ इसके दोनों किनारों पर वन क्षेत्र विकसित करने का अभियान अभी भी चल रहा है। हालांकि यह परियोजना करीब 35 साल पहले गंगा कार्ययोजना के रूप में षुरू हुई थी। तबसे इस पर सैंकड़ों करोड़ रुपए खर्च कर दिए गए हैं। नरेंद्र मोदी ने गंगा की चिंता वाराणसी से 1914 में लोकसभा का प्रत्याषी बनने के साथ जताई थी। इसीलिए उन्होंने सत्तारूढ़ होने के बाद इस परियोजना को नमामि गंगे नाम देते हुए इसकी सफाई के लिए एक अलग मंत्रालय भी बना दिया। इसके बाद ही इसके कारगर परिणाम देखने में आए हैं। इसके किनारों पर जो हरित पट्टी विकसित की गई है। उससे न केवल इन इलाकों की खेती की सेहत सुधरेगी, बल्कि मनुश्य और दुधारू पषुओं की भी सेहत सुधरेगी। लोगों को पीने के लिए भी स्वच्छ जल मिलेगा।

केंद्र के वित्त पोशण से षुरू हुई इस योजना से भारतीय सभ्यता, संस्कृति और आजीविका की जीवन रेखा कहलाने वाली गंगा का न केवल कायाकल्प हो रहा है, बल्कि इसका सनातन स्वरूप भी बहाल हो रहा है। वाराणसी का कायाकल्प इसका साक्षात उदाहरण है। अब तक गंगोत्री से गंगासागर तक के सफर में गंगा जल को औद्योगिक हितों के लिए निचोड़कर प्रदूशित करने में चमड़ा, चीनी, रसायन, षराब और जल विद्युत परियोजनाएं सहभागी बन रही थीं। इनमें से अनेक को या तो बंद कर दिया गया है या फिर दूशित जल के षुद्धिकरण के संयंत्र स्थापित करा दिए गए हैं। गंगा सफाई की पहली बड़ी पहल राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में हुई थी, लेकिन गंगा नाममात्र भी षुद्ध नहीं हुई। इसके बाद गंगा को प्रदूशण के अभिषाप से मुक्ति के लिए संप्रग सरकार ने इसे राश्ट्रीय नदी घोशित करते हुए, गंगा बेसिन प्राधिकरण का गठन किया, लेकिन हालत जस के तस रहे। भ्रश्टाचार, अनियमितता, अमल में षिथिलता और जबावदेही की कमी ने इन योजनाओं को दीमक की तरह चट कर दिया। भजपा ने गंगा को 2014 के आम चुनाव में चुनावी मुद्दा तो बनाया ही, वाराणसी घोशणा-पत्र में भी इसकी अहमियत को रेखांकित किया। सरकार बनने पर कद्दावर, तेजतर्रार और संकल्प की धनी उमा भारती को गंगा मंत्रालय का प्रभारत देकर इसके जीर्णोद्धार का भगीरथी दायित्व सौंपा गया। जापान के नदी सरंक्षण से जुड़े विषेशज्ञों का भी सहयोग लिया गया।

'नमामि गंगे' की षुरूआत गंगा किनारे वाले पांच राज्यों में 231 परियोजनाओं की आधारषिला, सरकार ने 1500 करोड़ के बजट प्रावधान के साथ 104 स्थानों पर 2016 में रखी थी। इतनी बड़ी परियोजना इससे पहले देष या दुनिया में कहीं षुरू हुई हो, इसकी जानकारी मिलना असंभव है। इनमें उत्तराखंड में 47, उत्तर-प्रदेष में 112, बिहार में 26, झारखंड में 19 और पषिचम बंगाल में 20 परियोजनाएं आरंभ हुई जिनके परिणाम संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में सामने आए हैं। हरियाणा व दिल्ली में भी 7 योजनाएं गंगा की सहायक नदियों पर भी षुरू हुई हैं। अभियान में षामिल परियोजनाओं को सरसरी निगाह से दो भागों में बांट सकते हैं। पहली, गंगा को प्रदूशण मुक्त करने व बचाने की। दूसरी गंगा से जुड़े विकास कार्यों की। गंगा को प्रदूशित करने के कारणों में मुख्य रूप से जल-मल और औद्योगिक ठोस व तरल अपषिश्टों को गिराया जाना था। अब जल-मल से छुटकारे के लिए अधिकतम क्षमता वाले जगह-जगह सीवेज संयंत्र लगाए गए हैं। गंगा के किनारे आबाद 400 ग्रामों में 'गंगा-ग्राम' नाम से उत्तम प्रबंधन योजनाएं षुरू हुई हैं। इन सभी गांवों में गड्ढे युक्त षौचालय बनाए गए हैं।

**प्रमोद भार्गव**

## आपका राशिफल 27 दिसम्बर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-6-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय का लाभ लें। शुभांक-4-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-6-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें व परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-1-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-1-3-5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-4-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ। शुभांक-3-5-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतान-स्त्री पक्ष से लाभ होगा। शुभांक-3-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। आय के योग बनेंगे। यात्रा का योग है। शुभांक-3-5-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-3-5-6

## फिल्म वर्ग पहेली - 6028



**ऊपर से नीचे:-**

१. 'तन्हा तन्हा दिल' गीत वाली फिल्म-३
२. 'कहना है तुमसे कहना' गीत वाली आमिर, मनीषा की फिल्म-२
३. फिल्म 'मिलन' में मनीषा कोईराला के साथ नायक का नाम-२
५. 'दिल ही दिल में' गीत वाली विवेक ओबेराय, दिया की फिल्म-२
६. बॉबी, अक्षय, अमीषा की 'दिल ने कर लिया' गीत वाली फिल्म-४
८. 'रहने तो सही सोचो तो' गीत वाली गोविंदा, मनीषा की फिल्म-४
९. ऋषि, श्रीदेवी की 'भूली बिसरी प्रेम कहानी' गीत वाली फिल्म-३
११. राजेश खन्ना, धर्मेंद्र, वहीदा की फिल्म-३
१३. 'हसीना गोरी गोरी' गीत वाली फिल्म-३
१८. फिल्म 'खानदान' की नायिका कौन थी-३
१९. 'मैं प्यासा तुम सावन' गीतवाली फिल्म-३
२०. 'हम साथ साथ हैं' में सोनाली के पिता की भूमिका किसने की थी?-३,२
२१. 'इन आँखों को आशिक' गीत वाली राजेश, सुलक्षणा की फिल्म-२
२५. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की एक सस्पेंस फिल्म-२
२६. 'धीरे धीरे आप मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२७. फरदीन, उर्मिला की फिल्म-३
२८. 'गोरी जो मटके' गीत वाली फिल्म-३
२९. सनी, मीनाक्षी की 'सोचना क्या जो भी होगा' गीत वाली फिल्म-३
३१. संजीवकुमार, रेखा, मौसमी चटर्जी की १९८१ की एक फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. 'तू सामने जब आता' गीत वाली शाहरुख, माधुरी की फिल्म-३
४. शाहरुख, ट्विंकल की 'आशिक हूँ मैं कातिल भी' गीतवाली फिल्म-४
७. 'आके चली बाके चली' गीत वाली संजीव कुमार, शर्मिला टैगोर, शबाना आजमी की फिल्म-४
१०. 'दिल चीज क्या है' गीत वाली 'उमराव जान' की नायिका-२
१२. राजेंद्र कुमार, माला की 'जिसके सपने हमें' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'मैं तुझ से मिलने आई' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२
१५. अक्षयकुमार, रवीना की 'टिप टिप बरसा पानी' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'संभाला है मैं ने' गीत वाली मिथुन, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१७. जैकी, रति अग्निहोत्री की 'छोड़ो मुझे छोड़ो' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'हुतुतू' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी?-२
२३. 'ये रेशमी जुल्फें' गीत वाली राजेश, मुमताज की फिल्म-१,२
२४. मिथुन, चंकी, रितुपर्णा, सोमी अली की १९९४ की एक फिल्म-३,२
२७. 'बनके क्यूँ बिगाड़ा रे' गीत वाली अमिताभ, जया की फिल्म-३
३०. जीतेंद्र, रामेश्वरी की 'काहे बिंदिया लगाई' गीतवाली फिल्म-३
३२. 'एक लड़की जिसके होंठों' गीत वाली संजय, जैकी, शिल्पा की फिल्म-२
३३. सनी, संजय, रवीना, दिव्या की 'दिल ना किसी का' गीत वाली फिल्म-३
३४. 'तू प्यार का सागर है तेरी इक बूंद के प्यासे हम' गीत वाली बलराज साहनी, नूतन की फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली - 6027**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6541

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**सूडोकु नवताल -6540 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

# शुगर के मरीजों के लिए वरदान है इस पौधे की पत्ती



आजकल 10 में से एक व्यक्ति डायबिटीज यानी की शुगर जैसी खतरनाक बीमारी से पीड़ति है। यह बीमारी शुगर लेवल बढ़ा देती है। इस बीमारी से पीड़ति व्यक्ति को अपने खान-पान का खास ध्यान रखना पड़ता है। डाइट में की गई छोटी सी भूल भी कई समस्याएं खड़ी कर सकती है। डायबिटीज के मरीजों में इंसुलिन की कमी हो जाती है, जिसके कारण उनका शुगर लेवल भी बढ़ जाता है। आज आपको एक ऐसे पौधे की पत्ती के बारे में बताएंगे, जिसे चबाने से आपका शुगर लेवल नियंत्रित रहेगा। तो चलिए जानते हैं इस पौधे के बारे में...

### इंसुलिन का पौधा

इंसुलिन का पौधा डायबिटीज के मरीजों के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। इसमें पाया जाने वाला कोर्सोलिक एसिड सर्दी, खांसी, वायरल इंफेक्शन, फेफड़ों और अस्थमा जैसी बीमारियों में भी यह बहुत ही लाभकारी माना जाता है। डायबिटीज के मरीज थोड़ा सा गैप डालकर इस पत्ते का कम से कम 6-7 बार सेवन कर सकते हैं। इस पत्ते का सेवन करने से डायबिटीज मरीजों के शरीर में इंसुलिन बनेगा।

### रोजाना चबाने से मिलेगी डायबिटीज से राहत

एक्सपर्ट्स के अनुसार, यदि इंसुलिन के पौधे की पत्ती का सेवन डायबिटीज के मरीज एक महीने लगातार करें तो उनकी शुगर नियंत्रित रहेगी। आप इस पत्ती का सेवन एक चूरन के रुप में भी कर सकती हैं। इंसुलिन के सुखे पत्तों को पीसकर उनका पाउडर तैयार कर लें। पाउडर का सेवन आप रोजाना करें। आपकी डायबिटीज कंट्रोल में रहेगी।

### पोषक तत्वों से भरपूर होता है इंसुलिन का पौधा

इंसुलिन के पौधे में प्रोटीन, टेरपेनोइड्स, फ्लेवोनाइड्स, एंटीऑक्सीडेंट्स, एस्कॉर्बिक एसिड, आयरन, बी कैरोटीन, कोरोसॉलिक एसिड जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह सारे पोषक तत्व डायबिटीज के मरीजों के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं।

### इन चीजों के सेवन करें

डायबिटीज जैसी खतरनाक बीमारी से ग्रस्त मरीजों को साबुत अनाज, ओट्स, चने का आटा, मोटा अनाज, टोंड दूध, दही, मट्ठा, रेशे वाली सब्जियां जैसे कि - मटर, फलियां, गोभी, भिंडी, पालक, हरी पत्तेदार सब्जियां, छिलके वाली दालें, ओमेगा-3 फैटी एसिड वाले फूड, सेब, संतरा, अमरुद, पपीता जैसी चीजें खानी चाहिए।

## विचार प्रवाह



जिसकी चर्चा और चर्या एक है वह सच्चा संत है। जिसकी चर्चा कुछ है और चर्या कुछ है, वह संत नहीं घोंघा बसंत है। थोड़ी सी दौलत छोड़कर जो करोड़ों की दौलत पर कुण्डली मारकर बैठा है, वह संत कैसे हो सकता है? जो मिट जाए, पिट जाए, पकड़ा जाए, जेल जाए वह संत कैसे हो सकता है?सही मायने में जो जिव्हा से कम , जीवन से ज्यादा बोलता है, वह सच्चा संत है।

**-मुनिश्री तरुण सागर**

## शब्द पहेली - 7580



**बाएँ से दाएँ**

1. सुगंध,खुशबू-3
3. व्यवस्था-2,2
5. आम लोग-2
6. चिंतन,सोच विचार-3
7. पराया-2
8. विनाश,विध्वंस-2
10. अपने ही घर में बंधक-5
12. वसय,घेरा-3
15. आंचल,पल्लू-3
17. सेंधमार-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. एक सवारी गाड़ी-2
23. पीहर,पिता का घर-3
24. नवीन,नया,नवजात-2
25. लात मारना-4
26. जोंक,न भरने वाला जख्म-3

**ऊपर से नीचे**

1. जी,चित्त,इच्छा-2
2. करधनी,कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
3. तार कसना-3
4. जोकर,विदुषक-4
5. दुनिया,जगत-3
7. पंख-2
9. सदैव,हरदम-2
11. जन्म,पैदा होना-3
13. जुड़वा-3
14. आश्चर्य में पड़ना-5
15. जंगल की आग-4
16. टोंटी,नलका-2
18. वश,अधीन-2
19. परिणाम,हल-3
21. अर्जित करना-3
24. लोहे की तांत-2

**शब्द पहेली -7579 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## संभाग के चार जिलों में लम्बी वायरस बीमार हो रहे पशु

# इंसानों में कोरोना और जानवरों में लम्पी वायरस का खतरा बढ़ा





जबलपुर यशभारत। जहां एक तरफ जिले में कोरोना के नये वैरिएंट का खतरा मंडरा रहा है. वहीं दूसरे तरफ शहर के मूक पुशओं पर भी एक के बाद एक गंभीर बीमारी का साया है. विगत माह स्वाईन फ्लू और शहर में सुअरों की मौत ने हड़कंप मचाया गया. उसके बाद शहर के अलग अलग हिस्सों में शुकरों की मौत का मामला सामने आया था. इसी माह शहर के ताल तलाबों में पक्षियों की अचानक मौत का मामला गर्माया था. अब जिले के गोवंश पर लम्बी वायरस का खतरा मंडरा रहा है. एक अनुमान के मुताबिक जिले के करीब 400 पशु अब तक इस वायरस की चपेट में आ चुके हैं. फिलहाल राहत की बात यही है की किसी पशु की मौत की खबर नहीं आई है. लेकिन विशेषज्ञों का कहना है की यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गये तो आने वाले दिनों में स्थिति गंभीर हो सकती है. जानकारों की मानें तो संभाग में तकरीबन चार सौ पशुओं में लम्पी संक्रमण की शिकायत मिली है। ये तो घोषित आंकड़े हैं। अपुष्ट सूत्र तो करीब हजार पशुओं के लम्पी संक्रमित होने की जानकारी दे रहे हैं। बताते हैं कि लम्पी नामक रोग बीते चार माह पहले महाराष्ट्र के कई जिलों में पाया गया है जो धीरे-धीरे प्रदेश के गाय बछड़ों व बैलों में भी पाया गया।

### वृहद वैक्सीनेशन की तैयारी

चार सैकड़ा पशुओं में इस वायरस की पुष्टि हो चुकी है। रोग की पहचान होते ही संभाग स्तर पर करीब डेढ़ लाख वेक्सीनेशन का दावा पशु चिकित्सा विभाग द्वारा किया जा चुका है।

### एक से दूसरे पशु होते हैं संक्रमित

पशु चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार यह रोग एक वायरस के कारण होता है जो एक गाय से दूसरे गाय या बछड़ा बैल में हो जाता है। यह सिर्फ गाय बछड़ा बैल में ही पाया जाता है अन्य जानवरों में इसके होने की पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। इस रोग के होने से जानवर कमजोर हो जाता है गाय दूध कम देना शुरु कर देती है। शरीर में गांठे पड़ने लगती हैं गांठों के फूटने से खून निकलने लगता है घाव होने के कारण उस पर मक्खी बैठना शुरु कर देती हैं तथा घाव सड़ने लगता है। कीड़े होने पर जानवर की मौत भी हो जाती है।

### सुरक्षा पहला बचाव

पशु चिकित्सकों का कहना है कि जानवरों में एक-दूसरे से संक्रमण न फैले उसके लिए ग्रामीण इलाकों में जागरुकता कैंप लगाए जा रहे हैं। बीमार पशु को बांध कर रखने के निर्देश पशुपालकों को दिए गए हैं। वहीं करीब डेढ़ लाख पशुओं को गोट पॉक्स वैक्शीनेशन दिया गया है। जिससे इस रोग कंट्रोल के कंट्रोल का दावा किया जा रहा है। इसके बाद भी हर रोज दर्जनों पशुओं में लम्पी की पुष्टि हो रही है।

# ओवर ब्रिज से सटकर ईट व्यापारी ने किया अतिक्रमण जिम्मेदारों को खबर नहीं

## भसुआ मंडी से सारे दिन उड़ती है धूल, राहगीर परेशान

**अशोकनगर (ईएमएस)। शहर के रेलवे ओवर ब्रिज किनारे बाईपास रोड़ पर ईट-गिट्टी-भसुआ व्यापारियों का अतिक्रमण बड़ता ही जा रहा है। स्थिति यह है कि बाईपास सडक़ किनारे रेलवे ओवर ब्रिज से सटकर व्यापारियों ने अपनी दुकानें लगा ली हैं और ईट-गिट्टी के ट्रक खड़े कर रहे हैं। जिसके कारण बाईपास से गुजरने वाले राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है।**





एक व्यापारी द्वारा तो ओवर ब्रिज से सटकर ही अपना व्यापार शुरु कर दिया है जो भसुआ मंडी के लिये तय सीमा से बाहर है। व्यापारी द्वारा ट्रकों से आने वाली ईंटों को सडक़ किनारे ही डंप कराया जा रहा है और वहीं से व्यापारी चलाया जा रहा है। यही नहीं सडक़ किनारे ही अतिक्रमण कर बैठने का स्थान बना लिया है। जहां बैठकर दिन भर ग्राहकों से मोल-भाव किया जाता है। सौदा बनने पर ईटों को ट्रैक्टर आदि वाहनों में भरकर ग्राहक के घर तक भेजा जाता है। इस दौरान दिन भर सडक़ पर धूल उड़ती रहती है। जो बाईपास मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशान कर रही है। यह धूल राहगीरों को आंखो में चली जाती है। जिससे वाहन चालक की आंखे बंद हो जाती है। ऐसे में वाहन चालक सामने से आ रहे वाहनों को देख नहीं पाता और इस बीच कई बार दुर्घटना भी घटित हो जाती है। यह स्थिति प्रतिदिन निर्मित हो रही है। प्रतिदिन दर्जनों ट्रकों से यहां ईंटे मंगाई जाती हैं यह ट्रक दिन भर सडक़ किनारे ही खड़े रहते हैं। जिनसे धूल के गुबार उड़ते रहते हैं। यही नहीं सडक़ की दूसरी ओर धर्मकांटा स्थित हैं यहां भी भारी वाहन तौल के लिये आते जाते रहते हैं। सडक़ मार्ग के दोनो और भारी वाहनों खड़े होने के कारण आवागमन भी बाधित होता है। और राहगीरों को अपना वाहन खड़ा करने में भी परेशानी आती है।

### बाईपास पर धूल न उड़े इसलिए बनाई थी बाउड्रीवाल

उल्लेखनीय है कि भसुओ मंडी से उड़ती धूल और राहगीरों की परेशानी को देखते हुए बीते कुछ समय पूर्व भसुआ मंडी को बाईपास रोड़ से हटाकर ईसागढ़ रोड़ पर कुड़ीघाट के पास सिफ्ट कर दिया था। कुछ दिनों तक ईंट-गिट्टी-भसुआ व्यापारियों द्वारा कुड़ीघाट पर अपना व्यापार किया और फिर व्यापारियों के बिरोध के बाद ईट-गिट्टी-भसुआ मंडी को पुन~बाईपास रोड़ पर सिफ्ट किया गया था। इस दौरान रेलवे ओवर ब्रिज से गुजरने वाले राहगीरों को परेशानी न हो और सडक़ पर उडने् वाले धूल को रोकने के लिये भसुआ मंडी के बाहरी सीमा पर बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कराया गया था। लेकिन अब व्यापारी बाउण्ड्रीवाल के बाहर सडक़ किनारे ही अपने वाहन खड़े कर व्यापार कर रहे हैं। जो राहगीरों के लिये परेशानी का सबब बनने लगा है।



# 64 हजार बूथों पर अटल जी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई

## कार्यकर्ताओं ने भारतरत्न अटल जी का पुण्य स्मरण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए

### कार्यकर्ताओं ने सुना प्रधानमंत्री जी का 'मन की बात' कार्यक्रम

**भोपाल यशभारत।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न श्रद्धेय अटलबिहारी वाजपेयी जी की जयंती प्रदेश के 64 हजार बूथों पर सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रिय नेता अटलजी का पुण्य स्मरण करते हुए उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। बूथ केंद्रों पर अटल जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए साथ ही बूथ केंद्रों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं द्वारा सुना गया। मन की बात कार्यक्रम के पश्चात् बूथ बैठक आयोजित हुईं। भोपाल में अरेरा हिल्स स्थित अटलजी की प्रतिमा पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी इंदौर के वार्ड 43 बूथ क्रमांक 164 पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।भोपाल में एमपी नगर स्थित अरेरा हिल्स पर स्व. अटलजी की प्रतिमा पर प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी सहित राजधानी के 29 मंडलों के हर बूथ पर प्रदेश व जिला पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। पार्टी के कार्यकर्ता ने अस्पताल वृद्धाश्रम मातृछाया सहित सेवा बस्तियों में फल खाद्यान्न और गर्म कपड़े वितरित किए। पार्टी के मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने सेवा कार्य कर स्व. अटलजी को याद किया। भोपाल के सभी बूथों पर सुशासन दिवस के कार्यक्रम हुए कार्यकर्ताओं बूथ स्तर पर प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम को सुनकर बूथ बैठक आयोजित की। भोपाल के वार्ड 36 के बूथ क्रमांक 170 में पार्टी के प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी वार्ड 15 के बूथ न.130 में प्रदेश प्रवक्ता सुश्री नेहा बग्गा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रफत वारसी वार्ड 59 के बूथ न. 303 में म.प्र. शासन मंत्री विश्वास सारंग वार्ड 15 के बूथ न. 197 में भोपाल संभाग प्रभारी श्रीकांत देव सिंह जिला प्रभारी महेंद्र सिंह यादव वार्ड 5 के बूथ न.105 में विधायक रामेश्वर शर्मा वार्ड 51 के बूथ न.245 में पूर्व सांसद आलोक संजर ने कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। इसी प्रकार जिले के सभी 29 मंडलों के प्रत्येक बूथ पर मन की बात कार्यक्रम सुना गया।

## बच्चों की जिद ने फिर जोड़ा परिवार

# पेरेंट्स का पांच साल पहले हुआ था तलाक, बच्चों ने दोबारा कराई शादी

**भोपाल यशभारत।** तलाक के 5 साल बाद बच्चों के प्रयासों ने अपने पैरेंट्स को दोबारा एक कर दिया। बच्चों ने भाई वेलफेयर संस्था की मदद से 5 साल पहले तलाक ले चुके मां-बाप की दोबारा शादी कराई और कोर्ट में चल रहे सभी प्रकरणों को भी विड्रा कर लिया। जब इस दंपती का तलाक हुआ था उस वक्त बच्चे नाबालिग थे। बेटा जहां 14 साल का था वहीं बेटी महज 13 साल की थी।



कोर्ट से हुए तलाक के बाद आपसी सहमति से बेटा पति के साथ गया था, जबकि बेटी को पत्नी को सौंपा गया था। दोनों भाई-बहन अलग-अलग शहरों में रहने लगे थे, लेकिन हाल ही में एक पारिवारिक कार्यक्रम में दोनों मिले तो अपनी मां को उदास देखकर दोनों ने पैरेंट्स को फिर एक करने का फैसला लिया।

### फैमिली फंक्शन में महसूस किया मां का अकेलापन, तब शुरू किए प्रयास

भाई वेलफेयर सोसाइटी के फाउंडर मेंबर जकी अहमद ने बताया कि इस दंपती का तलाक 2017 को हुआ था। तलाक के बाद बेटा बेंगलुरु में हास्टल में रह कर पढ़ रहा, वहीं बेटी पुणे पढ़ने के लिए चली गई थी। अब दोनों बच्चे व्यस्क हो गए हैं, हालांकि मां-बाप के तलाक के बाद भी दोनों भाई-बहन कभी-कभी एक दूसरे से मिलते रहते थे। इस बीच दोनों भाई बहन एक फैमिली फंक्शन में शामिल हुए थे। यहां दोनों अपनी मां से भी मिले तो उन्हें मां का अकेलापन महसूस हुआ। जिसके बाद दोनों ने मां-बाप को फिर मिलाने के लिए भाई वेलफेयर सोसाइटी से संपर्क कर कानूनी सहायता मांगी।

### फोन कर मांगी विधिक सहायता

जकी अहमद ने बताया कि उनके पास तीन माह पहले एक युवक का फोन आया था। युवक की उम्र 19 साल थी। उसने बताया कि वह और उसकी बहन अपने पैरेंट्स के लेकर परेशान है, क्योंकि उनका तलाक हो गया। दोनों ने ही दूसरी शादी नहीं की। वह चाहता था कि उनके पैरेंट्स को लेकर जितने भी केस कोर्ट में चल रहे हैं वह खत्म हो जाए और दोनों फिर साथ रहने लगे।

## सवा करोड़ का पैकेज छोड़ बनेंगे जैन संत

# 28 साल के प्रांशुक अमेरिका में थे डाटा साइंटिस्ट, आज लेंगे दीक्षा

**देवास यशभारत।** 28 साल के प्रांशुक कांठेड़। अमेरिका की कंपनी में सवा करोड़ के पैकेज पर डेटा साइंटिस्ट थे। अचानक सांसारिक जीवन से मोह भंग हो गया। डेढ़ साल पहले नौकरी छोड़ देवास आ गए। आज यानी सोमवार को जैन संत बनेंगे। उन्हें प्रवर्तक जिनेंद्र मुनिजी दीक्षा देंगे। हाटपिपल्या में आयोजित दीक्षा समारोह में प्रांशुक के साथ उनके मामा के बेटे स्क्रुपास थांदला के रहने वाले मुमुक्षु प्रियांश लोढ़ा और रतलाम के मुमुक्षु पवन कासवां दीक्षित भी संयम पथ पर चलेंगे।देवास के हाटपिपल्या निवासी प्रांशुक के पिता राकेश कांठेड़ कारोबारी हैं। अब उनका पूरा परिवार इंदौर में रहता है। पिता राकेश ने बताया कि प्रांशुक ने इंदौर के जीएसआईटीएस कॉलेज से बीई की। आगे की पढ़ाई के लिए वह अमेरिका चला गया। एमएस करने के बाद प्रांशुक ने अमेरिका में ही 2017 में डेटा साइंटिस्ट की नौकरी ज्वाइन कर ली। उसका सालाना पैकेस सवा करोड़ रुपए था। विदेश में रहने के बाद भी वह गुरु भगवंतों की किताबें पढ़ता रहा। वह इंटरनेट के माध्यम से उनके प्रवचन सुनता रहा। नौकरी से मोह भंग होने पर जनवरी 2021 में



नौकरी छोड़कर घर लौट आया। घर में प्रांशुक की मां और उसका एक छोटा भाई है।पिता ने बताया कि प्रांशुक का झुकाव बचपन से ही धार्मिक कार्यों की ओर रहा। 2007 में वह उमेश मुनि जी के संपर्क में आया। उनके विचारों से प्रभावित होकर उसे वैराग्य की और अग्रसर होने की प्रेरणा मिली। तब गुरु भगवंत ने उन्हें संयम पथ के लिए पूर्ण योग्य नहीं माना। इसके बाद उसने धार्मिक कार्यों के साथ पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित किया। 2016 में एक बार फिर पढ़ाई के दौरान वैराग्य धारण करने के लिए प्रयत्न किया, लेकिन गुरुदेव ने और योग्य होने की बात कही।

### डेढ़ साल पहले नौकरी छोड़ भारत आ गया

2021 में एक बार फिर से वैराग्य धारण करने का संकल्प लेकर अमेरिका से नौकरी छोड़कर भारत आ गया। इसके बाद गुरु भगवंतों के सानिध्य में रहने लगा। गुरुदेव द्वारा इस मार्ग के योग्य मानने पर प्रांशुक ने माता-पिता से वैराग्य धारण करने की बात कही। माता-पिता ने एक लिखित अनुमति गुरुदेव जिनेंद्र मुनि जी को दे दी। देश के अलग-अलग कोने से हाटपिपल्या में जैन संत- आएंगे। जिनके सानिध्य में बेटा दीक्षा ग्रहण करेगा। दीक्षा ग्रहण करने के बाद प्रांशुक सोशल मीडिया के साथ-साथ अपने घर तक से दूर हो जाएंगे। जिंदगी में पूरी तरह से बदलाव हो जाएगा

# एक रात में 3 दुकानों के ताले तोड़कर बेख़ौफ़ चोरो ने किया माल पार




**गाडरवारा(यश भारत)** नगर के हृदय स्थल झंडा चौक के करीब मन्नत कांप्लेक्स मे शनिवार की रात्रि में तीन दुकानों के ताले तोड़कर अज्ञात चोर ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि उन्होंने नगर के बीचो बीच बेखौफ होकर मन्नत कांप्लेक्स में चोरी की घटना कर फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की रात्रि में मन्नत कांप्लेक्स स्थित गणेश ज्वेलर्स, बंदना ज्वेलर्स एवं प्रिया इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान कि शटर के अज्ञात चोर ने ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। रविवार की सुबह जब दुकानदार अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि दुकान की शटर के ताले टूटे हुए हैं चोरी की घटना की सूचना उन्होंने पुलिस को दी।

पुलिस ने मौके पर दुकानदारों से पूरी जानकारी हासिल कर जांच प्रारंभ करते हुए मन्नत कांप्लेक्स में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को देखा उसमें एक अज्ञात चोर मुंह पर कपड़ा बांधे हुए हाथ में लोहे की रॉड लेकर दिखाई दे रहा है। गणेश ज्वेलर्स के संचालक त्रिलोक सोनी ने बताया कि उनकी दुकान के शटर के ताले तोड़कर अंदर के तारे तोड़ने का प्रयास किया लेकिन चोर असफल रहे। प्रिया इलेक्ट्रिकल्स के संचालक राजू मंगलानी ने बताया कि चोर ने शटर के तोड़कर दुकान के अंदर रखें कटे फटे सारे नोट ले गए बांकी सामान सुरक्षित है बंदना ज्वेलर्स के संचालक महेंद्र सोनी के अनुसार उनकी दुकान से लगभग 12 चांदी की चेन एक सोने की माला एवं दुकान के अंदर रखे हुए लगभग 3 हजार रुपए अज्ञात चोर चुरा लिए हैं। दुकानदारों ने चोरी की घटना की पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला कायम कर जांच प्रारंभ कर चोरों की पतासाजी में जुट गई है।

### रात्रि कालीन गस्त पर हो रहे सवाल खड़े

शहर के बीचो बीच हुई चोरी की घटना से पुलिस की रात्रि कालीन गस्त पर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। जबकि रात्रि कालीन समय में झंडा चौक पर पुलिस बल तैनात रहता है इसके बावजूद बीच शहर में चोरी की घटना होने से मुख्य बाजार के दुकानदारो मे दहशत का माहौल है उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि रात्रिकालीन गश्त के दौरान बाहरी लोगों पर नजर रखी जाए और उनसे सघन पूछताछ की जाए। जिससे कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लग सके। इसके साथ ही बाहर के जो लोग यहां पर आकर काम कर रहे हैं उनकी मुसाफरी भी दर्ज होनी चाहिए।



# नगर पालिका अध्यक्ष ने कबड्डी खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित

**गाडरवारा(यशभारत)** विगत दिवस लड़कियों की कबड्डी टीम ने नगरपालिका कार्यालय में अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा सौजन्य भेंट की सभी खिलाड़ी अध्यक्ष एवं पार्षदों से रूबरू हुए और अपना परिचय दिया द्य नगरपालिका अध्यक्ष ने सभी खिलाड़ियों को बेहतर खेल प्रदर्शन के साथ उच्च शिखर पर पहुंचने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष सभापति आनंद दुबे,पार्षद प्रतिनिधि गजेंद्र राडवें ने सभी का आत्मीय स्वागत किया। नपाध्यक्ष ने कबड्डी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल के क्षेत्र में सभी खिलाड़ी आगे बढ़ते हुए प्रदेश एवं देश का नाम रौशन करने के बेहतर खेल का प्रदर्शन करें, नपा अध्यक्ष ने खिलाड़ियों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया, ताकि खेल के प्रति खिलाड़ियों मे उत्साह बना रहे। और अपने बेहतर प्रदर्शन को जारी रखते हुए सफलता के शिखर तक पहुंच सके।

अध्यक्ष ने कहा कि बेटियां अपनी मेहनत के बल पर सभी क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं वे अपने पैरों पर खड़ा होना जानने लगी हैं ये उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है की राष्ट्रीय स्तर पर सुनीता गौंड राजनंदिनी गौंड और साथी खिलाड़ियों के सपोर्ट से नगर से प्रतिनिधित्व किया, कबड्डी के क्षेत्र में लड़कियों के लिऐ बहुत संभावनाएं हैं, नगरपालिका परिषद और हम सभी साथियों द्वारा हर संभव मदद की जाएगी।

## स्मृति चिन्ह भेंट किया



**शहपुरा, यशभारत।** सनातन धर्म महासभा शहपुरा के तत्वधान में श्री राम कथा महोत्सव में पहुँच कर कथावाचक संत श्री भगवान शरण बापूजी एवं सनातन धर्मसभा के अध्यक्ष श्री सुभाष सिंह जी गौर द्वारा मुझे श्री राम दरवार स्मृति चिन्ह भेंट किया गया एवं श्री संत जी के श्रीमुख से श्री रामकथा सुनने का अवसर प्राप्त हुआ सनातन धर्म महासभा के समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण को बहुत बहुत साधुवाद।

### दक्ष इंटरनेशनल स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया क्रिसमस डे



**गाडरवारा(यश भारत)** दक्ष इंटरनेशनल स्कूल गाडरवारा में हर्षोल्लास से मनाया गया क्रिसमस डे सुबह से ही नन्हे मुन्ने बच्चो ने सांता क्लास बनकर मनमोहक प्रदर्शन किया। बच्चों ने इंटर हाउस कंपटीशन में चरनी हट, सांता क्लॉस एवं क्रिसमस ट्री को सुंदर रूप में संजोकर सबका मन मोह लिया। विद्यालय के चेयरमैन चेतन्य यादव एवं प्राचार्य प्रदीप चौधरी ने कहा कि बच्चों में सर्वधर्म की सम्मान भावना होना जरूरी है समस्त भारतवासियों को क्रिसमस एवं नव वर्ष की बधाइयां एवं शुभकामनाएं।

# समाज की आवश्यकता है परिचय सम्मेलन : सांसद

**जबलपुर।** आदिकाल से हमारी सामाजिक व्यवस्थाएं मान्य परंपराओं के अनुरूप चल रही है। पूर्व में आठ नव वर्ष की उम्र में ही बच्चियों की शादी मां-बाप कर दिया करते थे। उस दौरान बच्चे की सुरक्षा पहली प्राथमिकता थी। लेकिन अब दौर बदल गया है। समाज भी जागृत हो गया और बच्चे भी शिक्षित हो गए हैं। आज एक निश्चित उम्र के बाद ही बच्चे बच्चियों की शादी होने लगी है। यह समाज में शिक्षा का प्रभाव है। शिक्षित और संगठित समाज ही शक्तिशाली हो सकता है। कलचुरी समाज आज अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उक्त विचार जबलपुर सांसद राकेश सिंह ने कलचुरी समाज के युवक युवती परिचय सम्मेलन के दौरान व्यक्त किए।



**580 युवक-युवतियों ने दिया मंच में परिचय, कलचुरी गौरव पत्रिका का हुआ विमोचन**

कलचुरी समाज भवन स्नेह नगर में 28 वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कलचुरी कुल गौरव राजराजेश्वर कार्तवीर्य भगवान सहस्त्रार्जुन जी मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। गणेश वंदना एवं अतिथियों के स्वागत के पश्चात युवक एवं युवतियों ने मंच पर आकर अपना परिचय दिया। सम्मेलन में 580 युवक-युवतियों ने अपना अपना परिचय दिया कलचुरी महासभा जबलपुर विगत अनेक वर्षों से निरंतर परिचय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है, यह संगठन की गतिशीलता का प्रभाव ही है। सभी पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई।

### स्वयंबर में हुए थे सीता के राम - विधायक सक्सेना

मातृशक्ति अनादि काल से ही हमारी पूजनीय वंदनीय रहीं हैं। हम विभिन्न अवसरों पर देवियों की पूजा करते हैं। स्त्रियों को अपना पति चुनने की व्यवस्था अनादि काल से हमारे समाज में चली आ रही है। रामायण में भी हमको बताया, पढ़ाया गया है कि स्वयंवर में सीता मैया ने भी भगवान राम को चुना था राम का अपना चेंज किया था। कलचुरी समाज ने युवक-युवतियों को एक विशाल मंच देकर समाज में प्रेरणादाई कार्य किया है। मैं समाज के सभी पदाधिकारियों को अपनी ओर से बधाई प्रेषित करता हूं।

### मैं भी कलचुरी समाज का हूं - जगत बहादुर सिंह

सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रुप में पधारे नगर कांग्रेस के अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि कलचुरी समाज से मेरा पुराना जुड़ाव रहा है। वैसे तो मुझे अनेक समाजों का आशीर्वाद मिल रहा है। लेकिन कलचुरी समाज की बात ही कुछ और है। आपके समाज में मैं कुछ इस तरह घुला-मिला हूं कि मुझे लगता है कि मैं भी कलचुरी समाज का ही हूं। कलचुरी महासभा जबलपुर निरंतर कार्य करने वाला सक्रिय संगठन है। सभी पदाधिकारियों को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई।

## सहयोग क्रीड़ा मंडल के संकल्प की पूर्णता, युवा पीढ़ी का दायित्व: केंद्रीय राज्यमंत्री

**गोटेगांव, यशभारत।** सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव द्वारा कबड्डी एवं अन्य परंपरागत खेलों की चार दिवसीय स्पर्धा के आयोजन का शुभारंभ केंद्रीय जल शक्ति एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री माननीय प्रह्लाद सिंह पटेल की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई एवं राष्ट्र गौरव नेताजी सुभाष चंद्र बोस का सादर नमन करते हुए क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया।

वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए केंद्रीय जल शक्ति एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि यह विराट आयोजन गोटेगांव के लोगों की दानशीलता एवं स्वाभिमान का परिचायक है, इस टूर्नामेंट की सबसे बड़ी सफलता यही है कि यहां का आम नागरिक भी इस आयोजन की परंपराओं से जुड़ा हुआ है। श्री पटेल ने कहा कि कोरोना कालखंड के विसंगति पूर्ण समय में पूरे देश में केवल एक मात्र खेल प्रतियोगिता का आयोजन गोटेगांव में हुआ था, यह आप सभी की उपलब्धि है ,जिसे और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। हमारे इस आयोजन में बिना किसी पुलिस सहयोग के व्यवस्थाओं को बनाए रखने की परंपरा रही है ,जो आप सभी के स्व-अनुशासन का परिणाम है।

केंद्रीय जलशक्ति एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री श्री पटेल ने संगठन के मूल संकल्पों का जिक्र करते हुए कहा कि सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव के गठन अवसर पर दो संकल्प लिए गए थे, एक संकल्प था कि गोटेगांव में राष्ट्रीय स्तर के कबड्डी खिलाड़ी खेले जो आप सभी के आत्मीय सहयोग से पूर्ण हो गया है, हमारी संस्था का दूसरा संकल्प था कि गोटेगांव के लड़के राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में खेले इसे पूर्ण करना युवा पीढ़ी का दायित्व है। हमारा आयोजन एक अभियान बनकर लक्ष्य को पूरा करे इसके लिए आने वाली पीढ़ी को जागरूक एवं गतिशील रहना होगा। उन्होंने आयोजन से जुड़ी गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि देश में जब भी खेल का इतिहास लिखा जाएगा तो इस टूर्नामेंट के योगदान में सहभागी बनने वाली पीढ़ियों को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि गोटेगांव में विगत 38 वर्षों से आयोजित इस टूर्नामेंट में अनुशासन को कायम रखने की गौरवशाली उपलब्धि रही है, निर्विवाद निर्णय एवं उच्च स्तरीय व्यवस्थाओं को बनाए रखने में समिति के सभी सहयोगी बधाई के पात्र हैं।

# लीलाबपु श्रीकृष्ण जी का जन्मोत्सव हुआ



### गोटेगांव की पावन धरा पर महाराज जी अमृत वाणी से हो रही भागवत कथा

**गोटेगांव, यशभारत।** श्रीधाम गोटेगांव की पावन धरा पर समस्त नामदेव परिवार कूंडॉ कला वालों के द्वारा सम्पन्न कराई जा रही श्री मद्भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ में आज 25 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा व्यास श्रद्धेय श्याम सुंदर जी महाराज की अमृतमयी वाणी से भक्तों को गजेंद्र मोक्ष,भगवान का वामन अवतारके साथ श्रीराम जन्म और श्री कृष्ण जी का जन्म की कथा का रसपान कराया।महाराज जी की मुखारविंद से संगीतमय भागवत के साथ भजनों की सुमधुर स्वर संगीत की स्वर लहरियों के भक्तों को झूमने मजबूर कर दिया भक्त वृन्द भजनों की प्रस्तुति से



भावविभोर हुए। दिनांक 26 दिसम्बर 2022 सोमवार को श्रीमद्भागवत की अगली श्रृंखला में लीलाबपु श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन के साथ श्री गोवर्धन पूजा और छप्पन भोग का आयोजन होगा।समस्त नामदेव परिवार कूंडॉ कला वालों ने पथरियां कुआं भागवत स्थल पर अधिक से अधिक भक्तों से श्रीमद्भागवत जी की कथा श्रवण करने की अपील की है।

## एनटीपीसी विंध्याचल में दिव्यांग कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों हेतु पिकनिक का आयोजन

**सिंगरौली, एजेंसी।** एनटीपीसी-विंध्याचल प्रबंधन द्वारा समय-समय पर अपने कर्मचारियों हेतु अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में मानव संसाधन विभाग द्वारा 25.12.2022 को दिव्यांग कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए मनोरंजक पिकनिक का आयोजन नेताजी सुभाष चंद्र लेक पार्क विंध्यनगर में किया गया, जिसमें काफी संख्या में दिव्यांग कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों नें उत्साह के साथ भाग लिया। पिकनिक के दौरान विभिन्न वर्गों में कर्मचारियों, उनके परिवारजनों एवं बच्चों हेतु विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें पार्सल पास, बॉल हिट, अंताक्षरी एवं म्यूजिकल चेयर शामिल थे। पिकनिक के दूसरे सत्र में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

# खाद्य मंत्री के गृह जिले में लैम्पस प्रबंधक निगवानी बन बैठा बीपीएल कार्ड धारक

### गरीब का मुखौटा लगाकर,शासन के खजाने पर डाल रहे डाका ..?

**अनूपपुर, यशभारत।** लैम्पस प्रबंधक निगवानी नागेंद्र जयसवाल खुद का बीपीएल कार्ड 2015 में निरस्त करने का आवेदन करने की बाते कहता है , तो वहीं दूसरी ओर खुद हर माह बीपीएल कार्ड धारक बनकर खुद अपने बायोमैट्रिक फिंगर लगा चालीस किलो राशन प्रतिमाह उठा रहा,आखिर खाद्य मंत्री के गृह जिले में खाद्य विभाग में आखिर कैसे चल रही खाद्य की खुली लूट ,वहीं लैम्पस प्रबंधक की पत्नी चला रही लक्ष्मी स्वसहायता समूह, कोतमा ब्लाक क्षेत्र में शासकीय उचित मूल्य दुकान में पदस्थ कई सेल्समैन गरीब बीपीएल कार्ड धारक बन कर हर माह उठा रहे मुक्त का राशन, वही दूसरी ओर करोड़ों रुपए का मटेरियल सप्लाई कर शासन की जीएसटी की चोरी कर बन बैठे करोड़ीमल।

आखिर जिला कलेक्टर महोदय व खाद्य विभाग के जिम्मेदार आला अफसर आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित निगवानी लैम्पस प्रबंधक नागेंद्र जयसवाल व शासकीय उचित मूल्य दुकानों में पदस्थ कुछ सेल्समैन जो समिति में पदस्थ रहकर शासन के दोहरा लाभ अर्जित कर रहे हैं उन पर नकेल कसी जाएगी या फिर ऐसे ही भ्रष्ट आचरण के कर्मचारी अधिकारियों जांच करने के नाम पर खानापूर्ति कर, अभय दान मिलता रहेगा।

कोतमा/ समुचे अनूपपुर जिले में कुछ राजस्व अधिकारियों की मेहरबानी से आज पूंजीपति अपात्र व्यक्ति बीपीएल कार्ड धारक बन बैठे हैं। जिन व्यक्तियों के पास लाखों करोड़ों रुपए की चल अचल संपत्ति और अच्छी खासी मासिक आमदनी है ऐसे अपात्र व्यक्तियों को पात्र बनाकर उन्हें जिम्मेदारों ने गरीबी रेखा का चोला ओढ़ा दिया है , शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में कुछ राजस्व विभाग के भ्रष्ट पटवारियों द्वारा अपात्र व्यक्तियों को पात्र बनाने के नाम पर पाँच पाँच हजार रूपये लेकर ग़रीबी रेखा के कार्ड आँख मूंदकर बना दिया गया ।आज पूंजीपति अपात्र व्यक्ति भी गरीबी रेखा का कार्ड धारक बनकर शासन की योजनाओं पर डाका डालने का काम कर रहा है। आज जिले में कुछ शासकीय सेवा समितियों में ऐसे लोगों का ग़रीबी रेखा में नाम अंकित हो गया है जिनके पास कई जगहों पर ताजमहल रूपी बहुमंजिला मकान ,चार पहिया वाहन एवं कई एकड़ भूमि के मालिक जिनकी कीमत औसतन पचासों लाख रूपये के करीब है वह शासकीय सेवादार समिति का कर्मचारी बीपीएल कार्ड धारक का चोला ओढ़ बैठे है।

**निगवानी लैम्पस प्रभारी प्रबंधक बन बैठा बीपीएल कार्ड धारक -**

सहकारिता विभाग अनूपपुर के आदिम जाति सेवा सहकारी मर्यादित निगवानी के प्रभारी लैम्पस प्रबंधक नागेंद्र जयसवाल निवासी रेउसा जिनके नए नए कारनामे हो रहे हैं उजागर, अपनी ऊंची पहुंच पकड़ का फायदा उठाते हुए बीपीएल कार्ड धारक बनकर ग़रीबों के हक छीन उन पर कुठाराघात कर रहे हैं , नागेंद्र जयसवाल वर्तमान प्रभारी लैम्पस प्रबंधक आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित निगवानी की भर्ती वर्ष 2008 - 2009 मे हुई थी और वर्ष 2009 से फ़रवरी 2022 तक सेल्समैन के रूप में कार्यरत होकर शासन की संस्था समिति से एक ओर 8500 रूपये प्रतिमाह वेतन लेकर दूसरी ओर गरीब बनकर ढोंग रच रहे हैं।

पूर्व सेल्समैन नागेंद्र जयसवाल को मार्च -अप्रैल 2022 में संचालक मंडल बोर्ड की समिति निगवानी द्वारा ऐसे कर्मचारी को आँख मूंदकर, सहकारिता विभाग के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित निगवानी का प्रभारी लैम्पस प्रबंधक आनन फानन मे बना दिया गया , जिसका वेतन 15000/रूपये प्रतिमाह है जो शासन की आँख में धूल झोंककर शासन की योजनाओं का दोहरा लाभ ले रहा है।एक तरफ समिति में लैम्पस की कुर्सी पर विराजमान होकर आज शासन की संस्था से 15000/रूपये प्रतिमाह वेतन उठा रहा , दूसरी ओर स्वयं का फिंगर बायोमैट्रिक मशीन पर लगाकर खाद्यात्र प्रतिमाह बारी बारी से उठाता रहा जिम्मेदार अधिकारी इसके करतूतों को जान कर भी अपने चहेते लैम्पस प्रबंधक के कारनामों पर पर्दा डालते रहे।

मुफ्त राशन योजना को भी निगल गया लैम्पस प्रभारी नागेंद्र - शिवराज की सरकार में जिले में एक से बढ़कर एक नटवर लाल मौजूद ,कहीं अनूपपुर के एक खाद्य अधिकारी को लोकायुक्त की टीम खोज रही है तो वहीं दूसरी ओर कोतमा ब्लाक क्षेत्र में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान में विराजमान कुछ सेल्समैन व लैम्पस प्रबंधक भ्रष्टाचार में संलिप्त होकर नियम कानून को धता बता रहे हैं, इन दिनों निगवानी के लैम्पस प्रबंधक नागेंद्र जयसवाल कई वर्षों से कथरी ओढ़कर मलाई खा रहा है, कोविड 19 महामारी के वक्त केंद्र की मोदी सरकार ने दिसंबर 2020 में देश के हर गरीब वर्ग के लिए मुफ्त राशन योजना चालू की थी। किंतु आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित निगवानी लैम्पस प्रभारी नागेंद्र जयसवाल ने लूट की सभी हदें पार कर शासन की योजनाओं पर पलीता लगाने का काम कर रहा है।

लैम्पस प्रबंधक स्वयं गरीबी रेखा का मुखिया बन अपनी पत्नी एवं दोनों पुत्र,पुत्रियो को नाम परिवार आई डी आरसी नंबर 22087804 अंकित कराकर पात्रता पर्ची के माध्यम से प्रतिमाह 20 किलो राशन अपना फिंगर बायोमैट्रिक में लगाकर उठा रहा है। वही मुफ्त का प्रतिमाह मिलने वाला राशन भी अपात्र व्यक्ति नागेंद्र पात्र बनकर 7 क्विंटल 20 किलो शासन का राशन डकार चुका है कहीं न कहीं लैम्पस प्रबंधक को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है जिस कारण जिम्मेदार अधिकारी भी ऐसे भ्रष्ट कर्मचारी को मौन स्वीकृति दे रखे है।

**कहना है-**

शिकायत हमारे समक्ष यदि आती है तो पूरे मामले की निष्पक्ष जाँच करायी जाएगी, दोषी पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी
राजेश उईके
**एआर जिला सहकारिता विभाग अनूपपुर**

**कहना है -**

आप उपरोक्त मामले की शिकायत करें जाँच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।
**सीमा सिन्हा**
**कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ब्लाक कोतमा**

**कहना है -**

ऐसा कोई नियम या सर्कुलर नहीं आया है जिसमें सहकारिता विभाग आदिम जाति के लैम्पस प्रबंधक व सेल्समैन बीपीएल कार्ड धारक नहीं हो सकते।
**जतन कुर्वेती**
**प्रशासक निगवानी लैम्पस**

**कहना है -**

पूर्व में मेरे द्वारा बीपीएल कार्ड निरस्त करने का आवेदन विभाग को मेरे द्वारा दिया गया था।
**नागेंद्र जयसवाल**
**आदिम जाति सहकारी समिति निगवानी कैम्पस प्रबंधक**

### स्व.संजीव यादव स्मृति सेवन ए साइड फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

## भरत स्टार्टिंग फुटबॉल क्लब धनपुरी ने धनपुरा को 3-0 से हराया तो बुढार ने चचाई को पेनाल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर जीते अपने-अपने मैच

**अनूपपुर, यशभारत।** जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूरी पर स्थित नवगठित नगर परिषद बरगवां अमलाई के वार्ड क्रमांक 09 अंतर्गत ऑफिसर कॉलोनी रंजीत दफाई के खेल मैदान में स्व.संजीव यादव स्मृति सेवन ए साइड फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ कराया गया, जिसमें पहले मैच में भरत स्पोटिंग फुटबॉल क्लब धनपुरी एवं धनपुरा खिलाड़ियों के मध्य खेला गया तो भरत स्टार्टिंग फुटबॉल क्लब धनपुरी ने 3-0 धनपुरा को हराकर जीता मैच, दूसरे मैच में बुढार ने चचाई को प्लांटी शूटआउट में 4-2 से हराते हुए जीते अपने मैच वहीं आयोजक मंडल अमलाई के अजय यादव एवं उनके सहयोगी जन मुनीम यादव, सुरेंद्र यादव,पिंटू यादव, संदीप सिंह, सुदीप सिंह,अयोध्या सिंह, चंदू नामदेव के द्वारा स्व. संजीव यादव की स्मृति में फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित की जा रही है,इस फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व संयुक्त कलेक्टर शहडोल रमेश सिंह रहें, जिन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि इस छोटे से मैदान में फुटबॉल मैच कराया जा रहा है,जिसके लिए मैं आयोजक मंडल समिति को धन्यवाद देना चाहता हूं, कि जो आयोजन इनके द्वारा कराया जा रहा है काफी सराहनीय है, साथ ही मैं खेलों के प्रति हर दम खड़े रहता हूं और कहना चाहूंगा कि जो भी सहयोग होगा मेरे से खेल के प्रति मैं निस्वार्थ सहयोग करता रहूंगा और आए हुए अतिथि गण तथा मेरे खिलाड़ियों को मैं अच्छे खेल खेलने का आशीर्वाद भी देता हूं कि इसी तरह का खेल खेलते रहे, जिससे हमारे संभाग का नाम होता रहे, फुटबॉल एक ऐसा गेम है कि पूरे शरीर को फिट एंड फाइन बनाए रखता है, इसलिए फुटबॉल हो या कोई भी गेम हो मैं सबके प्रति उपस्थित रहता हूं, खेल एक अनिश्चित ताओं का खेल है, जो अच्छा खेलता है वह विजई होता है इसलिए हारे हुए खिलाड़ियों को कभी निराश नहीं होना चाहिए द्य क्योंकि समय सबका आता है निश्चित रूप से इस जगह आकर मैंने देखा कि फुटबॉल के प्रति लोगों का जुनून काफी रहता है, साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्चना अजय यादव पार्षद वार्ड क्रमांक 09 रही, विशिष्ट अतिथि के तौर पर रामनारायण उरमालिया, श्रद्धा रोहित तिवारी पार्षद वार्ड नंबर 12 , पवन कुमार गलवानी पार्षद वार्ड नंबर 07 , समाजसेवी संदीप पुरी, सुंदर बाई विश्वकर्मा पार्षद वार्ड नंबर 06, मोतीलाल शर्मा खेल मैदान में उपस्थित रहे, साथ ही अतिथि गण एकत्रित होकर सर्वप्रथम दोनों टीमों के खिलाड़ियों से प्रथम भेंट तदुपरांत राष्ट्रीय गीत गायन एवं महात्मा गांधी की छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर टूर्नामेंट की शुरुआत की गई। स्वागत की कड़ी में सभी आए हुए मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि पार्षद गण का पुष्पगुच्छ से आयोजन मंडली द्वारा स्वागत किया गया, फुटबॉल मैच में दोनों टीमों के खेल के दौरान रेफरी के रूप में कैलाश गोटिया व वामन राव बरगट रहे, फुटबॉल टूर्नामेंट में कमेंटेटर के रूप में अजय दहिया एवं अंकित सिंह अपना दायित्व निर्वहन करते रहे। शुभारंभ के अवसर पर खेल प्रेमियों एवं दर्शकों की भारी भीड़ रही।



## अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल का तीसरा दीक्षांत समारोह

**इंदौर, यशभारत।** अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल का तीसरा दीक्षांत समारोह भोपाल में आयोजित किया गया। समारोह में मप्र के राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल द्वारा इंदौर के होम्योपैथिक चिकित्सक तथा केंद्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद, आयुष मंत्रालय (भारत सरकार) में वैज्ञानिक सलाहकार बोर्ड के सदस्य डॉ. एके द्विवेदी द्वारा चिकित्सा शिक्षा से संबंधित सभी कोर्स से जुड़े विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी पुस्तक 'ह्यूमन एनाटॉमी' (मानव शरीर रचना विज्ञान) का विमोचन किया गया। इस पुस्तक का प्रकाशन मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी द्वारा किया गया है इस अवसर पर मप्र शासन में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव, शिक्षा एवं संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव श्री अतुल कोठारी,अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. खेमसिंह डहेरिया तथा कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य प्रदेश के राज्यपाल माननीय श्री मंगूभाई पटेल ने की पुस्तक के लेखक डॉ. एके द्विवेदी ने बताया कि चिकित्सा शास्त्र की पुस्तकें हिंदी भाषा में बहुत कम हैं। हिंदी विश्वविद्यालय के निवर्तमान कुलपति स्वर्गीय श्री रामदेव भारद्वाज तथा मप्र चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. आरएस शर्मा जी की प्रेरणा से पुस्तक का लिखा जाना सुनिश्चित हुआ। आप लोगों ने मुझे इसकी जिम्मेदारी सौंपी जो अत्यंत ही कठिन कार्य था पर किए जाने योग्य था। सबसे कठिन कार्य था शब्दों का क्रमिक व व्यवस्थित प्रयोग।

# विराट लगातार तीसरे साल टेस्ट में नहीं लगा सके शतक

## 10 पारियों में तो 50 तक भी नहीं पहुंच पाए



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली ने इस साल एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ शतक लगाकर यह बता दिया था कि वह अपनी फॉर्म में वापस लौट चुके हैं। उसके बाद कोहली ने सीमित ओवरों में शानदार बल्लेबाजी जारी रखी। विराट ने टी20 विश्व कप में धमाका किया। ऐसा लग रहा था कि वह फॉर्म में आने के बाद टेस्ट में अपने शतकों का सूखा समाप्त कर देंगे। बांग्लादेश के खिलाफ उनके पास सुनहरा मौका था, लेकिन वह इसे भुना नहीं सके। विराट शनिवार (24 दिसंबर) को बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में एक रन बनाकर आउट हो गए। यह इस साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी आखिरी पारी थी। अब टीम इंडिया को इस साल कोई मैच नहीं खेलना है। भारतीय टीम जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ उतरेगी। कोहली सिर्फ दूसरी पारी ही नहीं, बल्कि पूरी सीरीज में फेल रहे। उन्होंने पहले टेस्ट की पहली पारी में एक और दूसरी पारी में नाबाद 19 रन बनाए थे। दूसरे टेस्ट की पहली पारी में विराट 24 रन ही बना सके थे। अब दूसरी पारी में भी वह नाकाम हो गए।

### लगातार तीन साल बगैर शतक के कोहली

कोहली ने टेस्ट में अपना पिछला शतक 23 नवंबर 2019 को बांग्लादेश के खिलाफ लगाया था। उन्होंने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में डे-नाइट टेस्ट में शतकीय पारी खेली थी। विराट ने 136 रन बनाए थे। उसके बाद से वह 2020, 2021 और 2022 में शतक नहीं लगा सके। यहां तक कि विराट अपनी शतकीय पारी के बाद से अब तक 80 रन का आंकड़ा भी नहीं छू पाए हैं। 2020 में कोरोनावायरस महामारी के कारण उन्हें तीन टेस्ट में ही खेलने का मौका मिला था। कोहली ने तीन मैचों में 19.33 की औसत से 116 रन बनाए थे। इस दौरान एक अर्धशतक लगाया था। वहीं, 2021 में विराट ने 11 टेस्ट में 28.21 की औसत से 536 रन बनाए थे। उन्होंने चार अर्धशतकीय पारी खेली थी।

### इस साल कैसा रहा विराट का प्रदर्शन

कोहली ने 2022 में कुल छह टेस्ट मैच खेले। इस दौरान उन्होंने 11 पारियों में 265 रन बनाए हैं। कोहली का उच्चतम स्कोर 79 रन रहा। उन्होंने 26.50 की औसत से रन बनाए हैं। विराट ने एक भी शतक नहीं लगाया। उन्होंने एक मात्र अर्धशतक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगाया था। विराट ने केपटाउन में 79 रन की पारी खेली थी। केपटाउन में वह पारी साल की उनकी पहली पारी थी और उन्होंने अर्धशतक लगाकर अच्छी शुरुआत की थी। उसके बाद ऐसा लग रहा था कि विराट के लिए यह साल शानदार रहेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कोहली अगली 10 पारियों में 50 के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाए।

# प्रकाश राज की लव स्टोरी में विलेन बना एक हादसा, जुदा हुईं ललिता से राहें



**मुंबई, ईएमएस।** अभिनेता प्रकाश राज अपने दमदार अभिनय के साथ ही देशभर में एक राजनेता और सोशल एक्टिविस्ट के तौर पर पहचाने जाते हैं। फिल्मों में जहां उन्होंने एक धाकड़ विलेन की एक छवि बनाई है। वहीं इसके ठीक उलट पब्लिक लाइफ में सामाजिक सरोकारों के मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखते नजर आते हैं। आज ही के दिन उन्होंने अपनी पहली पत्नी ललिता के शादी रचाई थी, लेकिन फिर एक हादसे ने दोनों की जिंदगी बदल दी और उन्होंने अपनी राहें जुदा कर लीं। प्रकाश राज ने साल 1994 में ललिता कुमारी से शादी की थी। ललिता कुमारी मशहूर तमिल अभिनेता सी. एल.आनन्दन की बेटी हैं। उन्होंने 30 से अधिक तमिल फिल्मों में काम किया है। वे अपने समय में बेहद पॉपुलर थीं। साल 1987 से 1995 तक फिल्मों में सक्रिय रहने वाली ललिता ने शादी के बाद फिल्मों से दूरी बना ली और अपना ज्यादातर समय परिवार को ही देने लगी थीं। दोनों की शादीशुदा जिंदगी अच्छी चल रही थी लेकिन फिर कुछ ऐसा हुआ कि दोनों की राहें जुदा हो गई। ऐसा दोनों की जिंदगी में एक ब? हादसे के चलते हुआ। बता दें कि प्रकाश राज और ललिता कुमारी के तीन बच्चों में दो बेटियां हैं, मेघना और पूजा। बेटा सिद्धु सबसे छोटा था, जिसकी महज 5 साल की उम्र में मौत हो गई थी। मीडिया से बातचीत के दौरान प्रकाश खुद इस घटना के बारे में बताते हुए कहते हैं कि मेरा बेटा एक फुट ऊंची टेबल पर चढ़कर पतंग उड़ा रहा था। उसका पैर फिसला और वह गिर गया। कुछ महीने बाद उसे दौरे पड़ने लगे, जिसके बाद उसका निधन हो गया। कोई नहीं समझ पाया कि वजह क्या थी? उसकी मौत किसी भी दुख से ज्यादा बड़ी थी। प्रकाश कहते हैं कि अब मैं जिंदगी को कभी हल्के में नहीं लेता। बेटे की मौत के बाद प्रकाश राज और उनकी पत्नी ललिता के रिश्ते बिल्कुल बदल गए। हालात इतने बुरे हो गए कि 2009 में दोनों ने अलग होने का फैसला कर लिया और एक-दूसरे को तलाक दे दिया। पहली पत्नी से तलाक के ठीक एक साल बाद 2010 में प्रकाश राज ने दूसरी शादी कर ली। उनकी दूसरी बीवी बॉलीवुड कोरियोग्राफर पोनी वर्मा है, वे उनसे उम्र में 13 साल छोटी हैं। पोनी से उनकी पहली मुलाकात तब हुई, जब ललिता के साथ उनका तलाक का केस चल रहा था। लेकिन यह सब इतना आसान नहीं था। प्रकाश राज और पोनी की शादी पर उनकी आलोचना हुई। प्रकाश कहते हैं, पोनी मेरी एक फिल्म को कोरियोग्राफ कर रही थीं। मैंने अपनी मां और अपनी बेटियों से इस बारे में बात की और उन्हें बताया कि मैं फिर से शादी करना चाहता हूं। लेकिन मैं चाहता था कि पोनी मेरी बेटियों के साथ समय बिताए। पोनी मेरी पहली पत्नी और बेटियों से मिली और उन्होंने कहा कि पापा आपको फिर से शादी कर लेनी चाहिए। बता दें कि प्रकाश राज ने पोनी से अगस्त, 2010 में शादी की थी। 50 साल की उम्र में वह एक बार फिर पिता बने। पोनी वर्मा ने बेटे को जन्म दिया और नाम रखा वेदांत।

# शादी की तैयारी के लिए मनीष मल्होत्रा के घर पहुंचे कियारा और सिद्धार्थ! चंडीगढ़ में बजेगी शहनाई?

**मुंबई, ईएमएस।** एक्ट्रेस कियारा आडवाणी और एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा के डेटिंग रुमर्स कई दिनों से हैं। दोनों को अक्सर एक साथ भी स्पॉट किया जाता है। दोनों के प्यार में होने की बातें कई महीनों से चर्चे में हैं। फिल्म शेरशाह को एक साथ करने के बाद से ही कियारा और सिद्धार्थ की डेटिंग की खबरें जोरों पर हैं। कई दिनों से दोनों की शादी की बातें भी सामने आ रही हैं। रिपोर्ट्स हैं कि दोनों जल्द शादी करनेवाले हैं। इस बीच लवबर्ड्स को फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के घर पर एक साथ देखा गया। सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी को को शनिवार रात फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के घर पर देखा गया। इंस्टाग्राम पर एक पपाराज़ी अकाउंट ने कियारा और सिद्धार्थ का एक वीडियो पोस्ट किया क्योंकि वे एक साथ चल रहे थे। दोनों ही कैमरे के लिए स्माइल कर रहे थे।

**कियारा के लिए प्रोटेक्टिव सिद्धार्थ**- वीडियो में कियारा को मनीष के घर से बाहर निकलते देखा जा सकता है। वह सफेद टॉप और सफेद पैंट में थीं और पीले रंग का हैंडबैग ले गई थीं। उन्होंने पपाराज़ी के लिए फिर से हाथ हिलाया और अपनी कार में बैठने से पहले चेहरे पर मुस्कान के साथ उनके लिए पोज़ दिया। कुछ देर बाद सिद्धार्थ भी मनीष के घर से बाहर आ गए। वह नीले रंग के स्वेटर और डेनिम में थे। फोटोग्राफर्स ने उन्हें क्रिसमस की बधाई दी। कियारा के साथ कार में बैठने से पहले सिद्धार्थ ने पैपराजी को पोज भी दिए। पपराज़ी ने 25 दिसंबर को रिलीज़ होने वाले उनके नए गाने रब्बा जांदा के लिए एक्साइटमेंट दिखाया।

**मनीष के घर क्यों?** - क्लिप पर रिएक्शन देते हुए एक ने लिखा, वे 15 जनवरी 2023 को ओबेरॉय सुख विलास चंडीगढ़ में शादी कर रहे हैं। एक ने लिखा, काश वे शादी कर लेते! वे कितने खूबसूरत कपल होंगे, निश्चित रूप से सबसे अच्छे दिखने वाले कपल में से एक! दूसरे यूजर ने कमेंट किया, जरा उनकी दयालुता तो देखिए यार। वह कार का दरवाजा बंद कर रहे हैं ताकि कियारा को आराम महसूस हो। एक ने लिखा, मनीष के घर पर ?? शायद शादी के सामान के लिए।





### दोस्त से कहीं ज्यादा हैं दोनों

सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा ने शेरशाह में साथ काम किया था और तभी से उनके डेटिंग की अफवाह थी। जबकि दोनों ने खुद कभी भी अपने रिश्ते की पुष्टि नहीं की है। फिल्म निर्माता करण जौहर ने इस साल अपने टॉक शो कॉफी विद करण सीजन 7 पर संकेत दिया था। शो में आने के दौरान, कियारा ने कहा कि सिद्धार्थ उनके लिए एक करीबी दोस्त से अधिक हैं। कियारा ने यह भी कहा था, सिड और मैं एक दूसरे को शेरशाह से पहले से जानते हैं।

### कियारा आडवाणी की फिल्में

कियारा ने 16 दिसंबर को अपनी फिल्म गोविंदा मेरा नाम की रिलीज देखी। फिल्म में विक्की कौशल और भूमि पेडनेकर भी हैं। उनके पास कार्तिक आर्यन के साथ रोमांटिक ड्रामा सत्यप्रेम की कथा है। यह उनकी ब्लॉकबस्टर हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 2 के बाद कार्तिक और कियारा एक साथ काफी फेमस हो गए हैं। सत्यप्रेम की कथा 29 जून, 2023 को सिनेमाघरों में हिट होने के लिए तैयार है।

### सिद्धार्थ मल्होत्रा की आनेवाली फिल्में

सिद्धार्थ को हाल ही में अजय देवगन के साथ थैंक गॉड में देखा गया था। वह अगली बार मिशन मजनू में दिखाई देंगे, जो 20 जनवरी, 2023 को रिलीज होने वाली है।

# जब इन एक्ट्रेस ने भारी लहंगे छोड़ शादी के लिए चुनी साड़ी, लगीं बेहद हसीन



मुंबई, एजेंसी। शादी का सपना दुनिया की हर लड़की का होता है। अपनी शादी के दिन वह बेहद सुंदर लगने की कोशिश भी करती है और कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। शादी के लिए लड़कियां हजारों-लाखों का लहंगा खरीदती हैं और शादी के बाद वह लहंगा बेकार हो जाता है। वैसे भारतीय संस्कृति में साड़ी का अपना अलग ही महत्व है और शादी के लिए भारत में सदियों से साड़ी पहनने का चलन रहा है, लेकिन कुछ साल से लहंगे ने साड़ी की जगह ले ली। इस संस्कृति को तोड़ते हुए अब बॉलीवुड की अभिनेत्रियां भी साड़ी को शादी के जोड़े में शामिल कर रही हैं।

### देवोलीना भट्टाचार्जी

टीवी एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी ने जिम ट्रेनर शाहनवाज शेख संग शादी कर सभी को हैरान किया। खैर, कपल ने लो-प्रोफाइल रहते हुए कोर्ट मैरिज की, लेकिन उनकी शादी को लेकर अब तक बज बना हुआ है। देवोलिना ने अपनी शादी के जोड़े के लिए किसी ब्राइडल लहंगे को नहीं चुना, बल्कि लाल रंग की साड़ी पहनी। इस साड़ी में देवोलिना बेहद हसीन लगीं। उन्होंने इसके साथ बेहद लाइट मेकअप किया था।

### आलिया भट्ट

आलिया भट्ट ने रणबीर कपूर के साथ हाल ही में शादी की थी। दोनों ही शादी के जोड़ों में बेहद प्यारे लगे। आलिया ने शादी के लिए लहंगे की जगह सब्यासाची द्वारा डिजाइन की गई आयवरी और गोल्ड साड़ी पहनी थी, जो उन पर काफी फब रही थी। अब दोनों ही एक बेटी के पैरेंट्स बन गए हैं और अपनी बेटी के साथ खूब एंजॉय कर रहे हैं।

### मौनी रॉय

नागिन फेम एक्ट्रेस मौनी रॉय ने भी अपनी शादी के लिए साड़ी चुनी थी। उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड संग गोवा में डेस्टिनेशन वेडिंग की और शादी के लिए साउथ इंडियन लुक अपनाया था। लाल बॉर्डर वाली सफेद साड़ी पहनकर मौनी रॉय एकदम साउथ क्वीन लग रही थीं। साउथ इंडियन लुक की तरह ही मौनी ने टेम्पल ज्वेलरी के साथ बालों का स्टाइल भी किया था। आप भी ऐसे आइडिया अपनाकर अपनी शादी के लिए बेहतर लुक ट्राई कर सकती हैं।

### दीया मिर्जा

एक्ट्रेस दीया मिर्जा ने पिछले साल वैभव रेखी संग शादी की थी। शादी में उन्होंने सिल्क की साड़ी पहनी और लाल रंग की चुनरी ओढ़ी हुई थी, जिसमें वह बेहद प्यारी लगी थीं। साड़ी के साथ उन्होंने लाइटवेट जूलरी भी कैरी की थी। फैंस ने उनकी शादी के फोटोज खूब पसंद किए थे।

### यामी गौतम

इस लिस्ट में यामी गौतम का नाम भी शामिल है, जिन्होंने शादी पर लाल रंग की साड़ी पहनी थी। उस दौरान यामी बेहद खूबसूरत दिखी थीं। यामी ने बताया था कि उन्होंने जो साड़ी पहनी थी, वह उनकी मां की थी और वह हमेशा से ही इसे पहनना चाहती थीं। यामी ने यह भी बताया कि वह बेहद साधारण तरीके से ही शादी करना चाहती थीं।

# अंवायिन्स काजीरंगा अल्ट्रा रन को सहयोग करती नज़र आई रवीना

**मुंबई, ईएमएस।** बॉलीवुड की 90 के दशक की अति लोकप्रिय अभिनेत्री रवीना टंडन ने पिछले कई दिन अपनी एक फिल्म की शूटिंग के दौरान भोपाल में बिताएं हैं। इसी दौरान वह हाल ही में अंवायिन्स काजीरंगा अल्ट्रा रन को अपना सहयोग करती हुई भी नज़र आई। इतना ही नहीं रवीना टंडन ने भारतीय जानवर राइनो के रख-रखाव और उनकी सुरक्षा के लिए अंवायिन्स काजीरंगा अल्ट्रा रन द्वारा उठाया गयी इस नेक पहल का खुले दिल से स्वागत किया। जानकारी के लिए बता दे कि अंवायिन्स काजीरंगा अल्ट्रा रन 28 जनवरी 2023 को होने वाला हैं। जानकारी के लिए बता दें इस अंवायिन्स काजीरंगा अल्ट्रा रन का सबसे बड़ा उद्देश्य हैं कि दुर्लभ-एक सींग वाले गैंडों के लिए समर्थन व्यक्त करना और जनता को इस बात से अवगत कराना की ये जानवर हमारे देश के लिए बेहद गौरवशाली हैं। एक वन्यजीव उत्साही और एक कार्यकर्ता रवीना भी इस नेक पहल के लिए बेहद उत्साहित हैं जो खुद साल 2023 की शुरुआत में अंवायिन्स के साथ काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान का दौरा करेंगी जहाँ वो पशु और उसके संरक्षण के विभिन्न प्रयासों के पहलुओं को समझेंगी।

# सचिन ने यतीम बच्चों के साथ सेलिब्रेट किया क्रिसमस, तेंदुलकर ने गिफ्ट भी दिए





**मुंबई, ईएमएस।** दुनिया भर में रविवार (25 दिसंबर) को क्रिसमस का त्योहार मनाया गया। लोग धूमधाम से इसे सेलीब्रेट करते दिखे। महानतम क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने एक दिन पहले ही इसे सेलिब्रेट किया। उन्होंने बच्चों के साथ शनिवार को जमकर मस्ती की। तेंदुलकर ने हैप्पी फीट होम फाउंडेशन के लिए बच्चों के साथ समय बिताया। इस दौरान क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले तेंदुलकर ने बच्चों को गिफ्ट भी दिया। तेंदुलकर से गिफ्ट मिलने के बाद बच्चे भी उत्साहित दिखे। सचिन ने हैप्पी फीट होम फाउंडेशन के लिए बच्चों के साथ क्रिसमस सेलिब्रेट करने के बाद इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। इसमें वह बच्चों के साथ क्रिकेट और कैरम खेलते हुए नजर आ रहे हैं। तेंदुलकर ने बच्चों के साथ खेलने का अनुभव भी वीडियो में बताया है। बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, वोकेशनल प्रोग्राम और हॉस्पिटल एक्टिविटी में भी सचिन ने अपना योगदान दिया। बच्चों ने तेंदुलकर को गाने भी सुनाए। इस दौरान उनके साथ पत्नी अंजलि तेंदुलकर भी नजर आईं। हैप्पी फीट होम फाउंडेशन बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए काम करता है। वह सियोन हॉस्पिटल के साथ मिलकर काम करता है। तेंदुलकर के योगदान से फाउंडेशन के करीब 400 बच्चों को फायदा होगा। सचिन ने क्रिसमस सेलिब्रेट करने के दौरान बच्चों को अपने बचपन के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को हमेशा आगे बढ़ने की सलाह दी। बता दें कि हैप्पी फीट होम फाउंडेशन की शुरुआत अगस्त 2014 में हुई थी।

# सऊदी के रेगिस्तान में विंटर गेम्स की तैयारी

## रेत में सालभर जमी रहेगी बर्फ... क्योंकि इसके बाद टूरिज्म से होगी कमाई



रियाद, एजेंसी। सऊदी अरब के रेगिस्तान में अब आप दिन में भी ठिठुरेंगे। यहां साल के 12 महीने बर्फ जमी रहेगी। एक कृत्रिम झील भी होगी और अत्याधुनिक सुविधाओं वाले महल जैसे घर भी होंगे। 60 वर्ग किलोमीटर में तैयार हो रहे इस स्कीइंग रिजॉर्ट में होटल्स के 3600 कमरे और 2200 घर होंगे। रेगिस्तान में पहाड़ों के बीच बर्फ से बन रहा यह स्वर्ग नियोम सिटी है और परियोजना का नाम है ट्रोजेना। यह अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर से 33 गुनी बढ़ी होगी। कतर के बाद अब सऊदी अरब में एशियन विंटर गेम्स 2029 की तैयारी चल रही है। दरअसल, दोहा में फीफा वर्ल्ड कप के सफल आयोजन के बाद अरब देशों की अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतिस्पर्धाओं की आयोजन क्षमता पर किसी को शक नहीं रहा। फीफा वर्ल्ड कप का आयोजन 18.19 लाख करोड़ रुपए में किया गया था। वहीं सऊदी अरब अपनी ट्रोजेना परियोजना पर दोगुने से ज्यादा 41.35 लाख करोड़ रुपए खर्च कर रहा है। इसके 2026 तक तैयार होने की उम्मीद है। इसके 3 साल बाद 2029 में यहां एशियन विंटर गेम्स का आयोजन होगा। यहां साल भर स्कीईंग और दूसरे विंटर स्पोर्ट्स खेले जा सकेंगे। लोग यहां छुट्टियां मनाने भी आएंगे। इसे 6 जिलों में बांटा गया है।

### टूरिस्ट्स के लिए 4 अलग-अलग मौसम होंगे

इन जिलों को एक्सप्लोर, डिस्कवर, गेटवे, वैली, रिलेक्स और फन नाम दिया गया है। जैसा कि नाम से ही साफ है कि इन अलग-अलग जिलों में अलग-अलग आकर्षण हैं और कोई भी अपने मूड के हिसाब से इनमें जा सकता है। इसमें एक वॉल्ट जोन भी होगा, एक तरह का वर्टिकल विलेज। इसमें रेस्त्रां और खरीदारी के लिए ब्रांडेड दुकानें होंगी। आप 1500 से 2600 मीटर के पहाड़ों की ऊंचाई पर भी हैं, तो यहां तक तुरंत पहुंच सकते हैं। यहां 4 अलग-अलग मौसम तय किए गए हैं। सितंबर से नवंबर तक यहां आयुर्वेद से लेकर पंचकर्म के अलावा योग की भी व्यवस्था रहेगी। दिसंबर से मार्च तक यहां स्कीइंग, स्नो बोर्डिंग, आइस स्केटिंग, विंटर फैशन वीक, फिल्म व म्यूजिक फेस्टिवल आयोजित होंगे। मई से सितंबर तक एडवेंचर सीजन में माउंटेन क्लाइंबिंग, बाइकिंग, हाई एल्टीट्यूड ट्रेनिंग और एडवेंचर ट्राइथलॉन होगा। आर्ट फेयर्स, म्यूजिक एंड फूड फेस्टिवल और कल्चरल वीक का आयोजन भी होगा।



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

विकास में विज्ञान और प्रौद्योगिकी का साथ

# मध्यप्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार नीति 2022

## विमोचन

## शिवराज सिंह चौहान

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
के करकमलों द्वारा

- सशक्त विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार तंत्र का निर्माण
- स्टेट इनोवेशन फण्ड की स्थापना
- उद्यमिता एवं स्टार्टअप संस्कृति को प्रोत्साहन
- डिजीटेक, ड्रोनटेक, बायोटेक एवं ग्रीनटेक आदि में निवेश
- सुशासन++ : नागरिक सेवाओं की फेसलेस, कॉन्टैक्टलेस, डिजिटल डिलीवरी
- ज्ञान एवं कौशल आधारित अर्थव्यवस्था का सृजन
- भारतीय ज्ञान प्रणाली का डिजिटाइजेशन

### गरिमामयी उपस्थिति

**डॉ. विजय कुमार सारस्वत**
सदस्य, नीति आयोग,
भारत सरकार

**ओमप्रकाश सखलेचा**
मंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम
तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, म.प्र. शासन

**प्रो. सचिन चतुर्वेदी**
उपाध्यक्ष, म.प्र. राज्य नीति एवं योजना आयोग
उपाध्यक्ष, अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन
एवं नीति विश्लेषण संस्थान

**प्रो. अजय कुमार सूद**
भारत सरकार के
प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार

**प्रो. रजत मूना**
निदेशक
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर

**डॉ. अखिलेश गुप्ता**
वरिष्ठ सलाहकार
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार

**डॉ. सुधीर कुमार एन**
निदेशक (सीबीपीओ)
इसरो, बेंगलुरू

**प्रवीण रामदास**
राष्ट्रीय सचिव
विज्ञान भारती

**26 दिसम्बर, 2022 । सायं 7:30 बजे**

स्वर्ण जयंती सभागृह, आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल

सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP

D-11177

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2022